


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल






■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 299

ग्वालियर, मंगलवार 19 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## नर्मदा नदी में गिरी यात्री बस, 12 यात्रियो की मौत आपदा प्रबंधन की टीम कर रही सर्चिंग

### मप्र के सीएम चौहान, महाराष्ट्र के सीएम शिंदे ने जताया शोक

**खरगोन।** आगरा मुंबई राष्ट्रीय मार्ग पर खरगोन और धार जिले की सीमा से लगे खलघाट के पुल पर महाराष्ट्र की यात्री बस रेलिंग तोड़ नर्मदा नदी में जा गिरी जिससे लगभग 13 लोगों की मौत हो गई है बस में लगभग 40 लोगों के होने की खबर है एनडीआरएफ सहित आपदा प्रबंधन की टीम नर्मदा नदी में सर्चिंग कर रही है घटना के बाद ही खरगोन कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सहित धार इंदौर सहित अन्य जिले के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए थे ।दोपहर तक 12 शवों को बाहर निकला गया। बस को क्रेन की मदद से निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 40 से अधिक यात्री सवार हो सकते है। प्रशासन मृतको के शव उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था में जुटा है। खलघाट टोल नाके की हाईवे एम्बुलेंस के ड्राइवर श्रीकृष्ण वर्मा ने



बताया मैं ड्यूटी पर था। सुबह 10 बजे कंट्रोल रूम से कॉल आया। सूचना मिली कि पुल से एक बस नर्मदा नदी में गिर गई है। सूचना पर तत्काल एनडीआरएफ सहित क्षेत्र के गोताखोर बचाव कार्य में जुट गए। हालांकि सुबह से बारिश शुरु होने से बचाव दल को मशक्कत करना पड़ी। मृतकों को नदी से बाहर निकाल कर धामनोद के सरकारी अस्पताल में भेजा गया। इनमें 9 पुरुष और 4 महिलाओं की है। बस क्रमांक एमएच 40 एन 9848 महाराष्ट्र सड़क परिवहन निगम की थी, जो इंदौर से महाराष्ट्र जा रही थी, उसे क्रेन की मदद से निकाला गया। इंदौर आयुक्त पवन कुमार शर्मा अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में परिजनों सहित रिश्तेदारों के लिए हेल्पलाईन नंबर भी जारी किए गए। हादसे की जानकारी लगते ही खलघाट के स्थानीय लोगों ने सबसे पहले मदद की। जो फोटो और वीडियो सामने आए हैं, उनमें स्थानीय लोग शवों को खोजते दिखे। कुछ लोग अपनी नाव से शवों बाहर निकाल रहे थे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इस घटना पर दुःख जताया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2.2 लाख रुपए सहायता देने की घोषणा की है। घायलों को 50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी मृतकों के परिजन को 4.4 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। महाराष्ट्र की बस होने की वजह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को घटना की जानकारी दी। महाराष्ट्र सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10.10 लाख रुपए देने की घोषणा की है। इस तरह मृतकों के परिजनों को कुल 16.16 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

### बस हादसा, पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतक के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजे देगी शिंदें सरकार

**मुंबई।** मध्य प्रदेश के धार जिले में सोमवार को इंदौर से पुणे जा रही महाराष्ट्र रोडवेज की बस खलघाट संजय सेतु से गिर जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से ट्वीट किया,मध्य प्रदेश के धार में बस दुर्घटना दुखद है। धार जिले के खलघाट में महाराष्ट्र की एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ नर्मदा नदी में जा गिरी, जिससे उसमें सवार 12 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने हादसे को दुखद जताया। मिश्रा ने कहा, यह बस इंदौर से पुणे जा रही थी। 15 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 12 यात्रियों की मौत हो गई है। मिश्रा के मुताबिक, बस में 50 से 55 यात्रियों के सवार होने का अनुमान है। हादसे पर पीएमओ ने पीएम मोदी के हवाले से ट्वीट किया, धार में बस दुर्घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। बचाव कार्य जारी है और स्थानीय अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि धार में महाराष्ट्र एसटी बस (इंदौर से अमलनेर) दुर्घटना में जान गंवाने के बारे में जानकर दुख हुआ क्योंकि यह एक पुल से नदी में गिर गई थी। कुछ यात्रियों को बचा लिया गया है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। मैं धार (एमपी) कलेक्टर और महाराष्ट्र एसटी अधिकारियों के संपर्क में हूं और वे घायल यात्रियों को बचाव अभियान और चिकित्सा सहायता और उपचार का समन्वय कर रहे हैं। महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने एमएसआरटीसी (महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम) को नर्मदा नदी में एमएसआरटीसी बस दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 10-10 लाख की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है।

## ज्ञानवापी में मिले 'शिवलिंग' की कराई जाए कार्बन डेटिंग

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद और काशी विश्वनाथ मंदिर विवाद में एक नई अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में मांग की गई है कि मस्जिद में पाए गए %शिवलिंग% की एएसआई से कार्बन डेटिंग कराई जानी चाहिए। इससे उसकी ऐतिहासिकता और प्रमाणिकता साबित हो सकेगी। 7 हिंदू महिलाओं की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इसका



ग्राउंड पेनिट्रेशन राडार सर्वे भी होना चाहिए। इस मामले की सुनवाई करते हुए पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि ज्ञानवापी में जहां से %शिवलिंग% पाया गया है, उसकी सुरक्षा की जाए। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष को आदेश दिया था कि वह अगले आदेश तक किसी और स्थान पर वजू करे। एडवोकेट विष्णु जैन के जरिए महिलाओं ने याचिका दायर कर मांग की है कि वह श्री काशी विश्वनाथ ट्रस्ट को आदेश दे कि वह ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग को ले ले। इसके अलावा पुराने मंदिर से सटी जमीन पर भी कब्जा ले। याचिका में कहा गया है कि वहां विराजमान शिवलिंग की कालगणना नहीं की जा सकती। उसके परिधि में आने वाली 5 कोस भूमि पर मंदिर का अधिकार है। याचिका दायर करने वाली महिलाओं में से एक एडवोकेट है, एक प्रोफेसर है और 5 सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। उन्होंने अपनी अर्जी में कहा कि ज्ञानवापी में मिले %शिवलिंग% की ऐतिहासिकता का पता सिर्फ जीपीआर सर्वे और कार्बन डेटिंग से ही लगाया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि पुराने काशी विश्वनाथ मंदिर को तोड़कर उसे मस्जिद का स्वरूप दिया गया था। वह वक्फ की जमीन नहीं है। अर्जी में महिलाओं ने कहा कि ज्ञानवापी में मिला शिवलिंग स्वयंभू यानी स्वयं अवतरित है, जबकि नए मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग रानी अहिल्या बाई होलकर के दौर का है। यही नहीं उनका कहना है कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ऐक्ट, 1983 के तहत नए मंदिर परिसर के अलावा पुराने मंदिर का क्षेत्र भी आता है। इसका अर्थ यह है कि श्रद्धालु मुख्य परिसर में पूजा अर्चना करने के अलावा आसपास के मंदिरों, स्थापित प्रतिमाओं की भी पूजा कर सकते हैं।

## सावन के पहली सोमवारी पर श्रवण कुमार ने कांवड में माता पिता को लेकर देवघर के लिये हुए रवाना

भागलपुर।



जिला के सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की पहली सोमवारी पर आज कलयुगी श्रवण कुमार अपने माता- पिता को भगवान मानकर तीर्थ यात्रा पर देवघर के लिए रवाना हुए। जहानाबाद के रहने वाले चंदन कुमार को मन में आया कि क्यों नहीं अपने माता पिता को तीर्थाटन करवाएं। पति -पत्नी एवं अपने तीन बच्चों के साथ मिलकर अपने माता-पिता को सुल्तानगंज से गंगा जल भर अपने कांधे पर लेकर देवघर को रवाना हो गए।

चंदन कुमार जहानाबाद जिला के बीरपुर के रहने वाले हैं । उन्होंने बताया कि हम प्रत्येक महीने सत्यनारायण भगवान का पूजा अपने घर में करवाते हैं, जब मैं आरती लेकर पूजा से उठा तो मेरे मन में लालसा हुई कि क्यों नहीं अपने माता- पिता को अपने कंधे पर लेकर देवघर तीर्थाटन करवाएं । हालांकि इसका विरोध माता-पिता ने करते हुए कहा कि हम लोग वजनदार हैं तुम कैसे अपने कंधे पर दोनों को इतनी बड़ी सौ किलोमीटर की पद यात्रा तय करोगे ? बावजूद चंदन अपने माता- पिता को मनाकर सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर को रवाना हो गए। कहते हैं हमारे किस्मत हाथ की लकीरों को मोहताज नहीं ,सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और ना ही कोई पूजा । इस कलयुगी श्रवन कुमार चंदन ने अपने माता -पिता के प्रति प्रेम को दर्शाता है और एक संदेश दे रहा है कि माता पिता से बड़ा कोई धर्म नहीं।

## ब्रह्मोस मिसाइल के बाद अब फिलिपींस लेना चाहता है एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर

**नई दिल्ली।** फिलिपींस ने कुछ माह पहले ही भारत में निर्मित दुनिया की सबसे घातक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के लिए डील की थी। फिलिपींस ने तीन बैटरीज खरीदी थी। जिसकी लागत करीब 375 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 3000 करोड़ रुपये है। लेकिन अब फिलिपींस हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा बने आधुनिक हल्के हेलिकॉप्टर खरीदने की योजना बना रहा है।

फिलिपींस कितने एएलएच खरीदेगा, इसका खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन बताया जा रहा है कि फिलींपीस सात हेलिकॉप्टर का एक बैच वह लेगा ही। क्योंकि उसे अपने पुराने हेलिकॉप्टरों की फ्लीट को बदलना है। बहुत जल्द हल्के हेलिकॉप्टरों की डील को लेकर भारत और फिलिपींस आपस में समझौता कर सकते हैं।



आधुनिक हल्के हेलिकॉप्टर सामान्य तौर पर यूटिलिटी हेलिकॉप्टर हैं। लेकिन इनका उपयोग कई तरीकों से किया जा सकता है। जैसे कि वीआईपी मूवमेंट, आपदा एवं राहत कार्य, परिवहन, तत्काल फोर्स को तैनात करना, लॉजिस्टिक सपोर्ट, सर्च एंड रेस्क्यू, ट्रेनिंग या फिर हमला करना है। इन्हें हमला करने के लिए भी बदला जा सकता है। एएलएच का हमलावर वर्जन भी भारत ने तैयार कर रखा है। जैसी जरूरत वैसा एएलएच आपके सामने होगा। आधुनिक हल्के हेलिकॉप्टर के दो प्रकार भारतीय सेनाओं में शामिल हैं। पहला लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर और दूसरा लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर (एलयूएच) है। यानी युद्ध और परिवहन दोनों ही स्थितियों के लिए एक ही हेलिकॉप्टर के दो अवतार भारतीय सेनाओं के पास मौजूद हैं। ध्रुव हेलिकॉप्टर इसी आधुनिक हल्के हेलिकॉप्टर का नया रूप है। इसका उपयोग भारतीय सेनाएं कर ही रही हैं. इसके अलावा इजरायल ने एक हेलिकॉप्टर साल 2007 में लीज पर लिया था। मालदीव्स की नेशनल डिफेंस फोर्स इसका उपयोग कर रही है। मॉरिशस की सेना और पुलिस फोर्स इसका उपयोग कर रही है. नेपाल की आर्मी एयर सर्विस में भी यह हेलिकॉप्टर तैनात है। इंडियन एयरफोर्स के पास 107, इंडियन आर्मी के पास 191 और नेवी के पास 14 एचएएल ध्रुव हैं। नेवी ने 11 और आर्मी ने 73 हेलिकॉप्टर और ऑर्डर कर रखे हैं। इन ऑर्डर से ही पता चलता है कि ये कितने काम का हेलिकॉप्टर है। इसे दो पायलट उड़ाते हैं, इसमें 12 जवान बैठ सकते हैं।

## खास खबर

### सुप्रीम कोर्ट से मोहम्मद जुबैर को अंतरिम राहत, बुधवार तक कार्रवाई पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद जुबैर को अंतरिम राहत दी है। शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार को बुधवार तक उसके खिलाफ दर्ज 5 मामलों में कोई कार्रवाई न करने को कहा है। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई बुधवार तक होगी, तब तक यूपी पुलिस और अदालतों की ओर से कोई कार्रवाई न की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद जुबैर की उस अर्जी की सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ यूपी में दर्ज 6 एफआईआर को रद्द कराने की मांग की थी। इन मामलों में जुबैर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट करने के आरोप लगाए गए हैं। शीर्ष अदालत ने फैसला जुबैर की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। इस याचिका में जुबैर ने तत्काल सुनवाई की गुहार लगाकर यूपी के विभिन्न जिलों में दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। यह एफआईआई धार्मिक भावनाओं को भड़काने, समाचार एंकरों पर व्यंगात्मक टिप्पणियों, हिंदू देवताओं पर अपमानजनक टिप्पणियों और उत्तेजक पोस्ट शेयर करने पर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा अदालत ने जुबैर की याचिका के आधार पर यूपी सरकार को एक नोटिस भी जारी किया है।

### रांची में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अमित मालवीय के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज कराई

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कोतवाली थाना रांची में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और प्रीति गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। प्रसाद ने कहा की तीनों ने सोची समझी साजिश के तहत अपने सोशल नेटवर्किंग हैंडल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार के बयान को गलत तरीके से पेश किया। प्रसाद ने कहा कि ऐसा डॉ अजय कुमार और कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए किया गया। गौरतलब है कि बीजेपी नेताओं ने अजय कुमार का एक वीडियो शेयर कर उन पर सवाल उठाए थे, जिसमें वह राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू पर टिप्पणी कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बयान को आदिवासी नेता का अपमान बताया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रपति जैसे गरिमामयी पद के चुनाव से ठीक पहले सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की नियत और डॉक्टर कुमार की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। ऐसा कर भाजपा ने आदिवासी समाज का अपमान किया ही साथ ही साथ द्रौपदी मुर्मू का भी अपमान किया है। डॉ. कुमार ने अपने बयान के शुरुआत मे ही राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार की प्रशंसा की थी।

### महाराष्ट्र भारी बारिश के चलते हादसों में मरने वालों की संख्या हुई 105, 7 लोग लापता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हो रही भारी बारिश के चलते हुए हादसों में अब तक 105 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 7 लोग लापता हैं. इस बात की जानकारी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को दी. प्राधिकरण ने कहा कि एक जून से आज 18 जुलाई तक के बीच यह मौतें हुईं और इनमें से 1 की मौत पिछले 24 घंटे में हुई है, जहां घर का एक हिस्सा गिरने से सोलपुर में एक मौत हुई है. रिपोर्ट में मौत के लिए बाढ़, आकाशीय बिजली, भूस्खलन, पेड़ों की कटाई और अन्य कारणों को वजह बताया गया है. रिपोर्ट में कहा गया कि ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य में दो गांव भारी बारिश से प्रभावित हुए और सात लोग लापता हैं। आंकड़ों के अनुसार राज्य में बारिश के कारण अब तक 189 जानवरों की भी मौत हुई है।

## महंगाई पर वरुण ने अपनी ही सरकार को घेरा, बोले- जब 'राहत' देने का वक्त था, तब हम 'आहत' कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** महंगाई के वार से घायल देश की जनता के दर्द के बयां करते हुए विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर है। इन सबके बीच भाजपा के अपने सांसद वरुण गांधी भी महंगाई के मुद्दे पर अपनी ही पार्टी की सरकार को लगातार घेरते रहे हैं। वरुण गांधी ने आज दूध और दही सहित कई



खाद्य वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाए जाने को लेकर मोदी सरकार की आलोचना कर दी। वरुण गांधी ने साफ तौर पर कहा है कि जब 'राहत' देने का वक्त था, तब हम 'आहत' कर रहे हैं। अपने ट्वीट में वरुण गांधी ने लिखा कि आज से दूध, दही, मक्खन, चावल, दाल, ब्रेड जैसे पैक्ड उत्पादों पर जीएसटी लागू है। रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी के बीच लिया गया यह फैसला मध्यम वर्गीय परिवारों और विशेषकर किराए के मकानों में रहने वाले संघर्षरत युवाओं की जेबें और हल्की कर देगा। उन्होंने कहा कि जब 'राहत' देने का वक्त था, तब हम 'आहत' कर रहे हैं। आपको बता दें कि जीएसटी परिषद के फैसले लागू होने के बाद सोमवार से कई खाद्य वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इनमें पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही शामिल हैं। इन पर पांच प्रतिशत जीएसटी देना होगा। इसी तरह 5,000 रुपये से अधिक किराये वाले अस्पताल के कमरों पर भी जीएसटी देना होगा।

## सीएम योगी आह्वान-यूपी में फहराए जाएंगे 3.18 करोड़ तिरंगे

**नई दिल्ली।** सीएम योगी आदित?यनाथ ने आजादी के अमृत महोत?सव पर यूपी में 3 करोड़ 18 लाख तिरंगे झंडे फहराए जाने का आह्वान किया है। उनके इस आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। 2.68 करोड़ तिरंगे आवासीय घरों में लगाए जाएंगे। एक झण्डा गीत 'जयघोष' प्रदेश ने तैयार किया है। सीएम ने कहा है कि युवा पीढ़ी को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने तथा देश की सुरक्षा और समृद्धि से जोड़ने की हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हुई वीडिया कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई सभी राज्यों की बैठक में यह बात कही। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में यह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी0 किशन रेड्डी की अध्यक्षता में हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आजादी के अमृत महोत्सव के विजन को देश में उत्साह और उमंग के साथ पूरा किया जा रहा है। आगामी 11 से 17 अगस्त, 2022 तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एम0एस0एम0ई0 विभाग द्वारा 02 करोड़ तिरंगे की खरीद की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। 01 करोड़ 18 लाख तिरंगे प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों, एन0जी0ओ0, निजी



सिलाई केन्द्रों इत्यादि के माध्यम से बनाए जा रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम देश के बच्चों, युवाओं सहित सभी नागरिकों के मन में देशभक्ति जागृत करने का विशिष्ट आयोजन है। देश के 100 करोड़ से अधिक लोग अपने घर में तिरंगा फहराएंगे। यह कार्यक्रम दुनिया का अपने स्तर का पहला कार्यक्रम है, जिसमें देशवासी देश के झण्डे को फहराएंगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, पोस्ट ऑफिस इत्यादि से तिरंगे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई, 2022 से सरकारी वेबसाइटों पर इस कार्यक्रम के 'लोगो' एवं 'स्लोगन' प्रदर्शित किए जाएं। 11 से 14 अगस्त तक स्कूलों में प्रभात फेरी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। 13 अगस्त, 2022 को लोग अपने घर में झण्डा फहराकर अपनी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

## बस हादसा, सीएम एकनाथ शिंदे ने दिया मृतक के परिजनों को 10-10 लाख की अनुग्रह राशि देने का निर्देश

### मुख्यमंत्री शिंदे ने की एमपी के मुख्यमंत्री चौहान से बात

**मुंबई।** मध्य प्रदेश के धार जिले के खलघाट में महाराष्ट्र की एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ नर्मदा नदी में जा गिरी, जिससे उसमें सवार ड्राइवर समेत 13 लोगों की मौत हो गई. वहीं इसमें 15 लोगों को बचाया भी गया है. यह बस इंदौर से पुणे जा रही थी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) को नर्मदा नदी में हुई बस दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 10-10 लाख की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है. वहीं इस हादसे को लेकर सीएम शिंदे ने एक कंट्रोल रूम बनाने का आदेश दिया है. जानकारी के मुताबिक हादसे की खबर सामने आते ही मुख्यमंत्री शिंदे ने तुरंत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और मध्य प्रदेश में खरगोन और धार जिला प्रशासन से दुर्घटना पीड़ितों की आवश्यक सहायता की योजना बनाने का अनुरोध किया. इस बीच जलगांव कलेक्टर ने मुख्यमंत्री शिंदे को यह भी बताया है कि इस दुर्घटना को लेकर जलगांव कलेक्ट्रेट द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है. कंट्रोल रूम के नंबर 02572223180 और 02572217193 हैं।

### - उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने दुःख जताया

इस घटना को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी दुख जताया है. वहीं उन्होंने कहा कि मैं धार (एमपी) कलेक्टर और महाराष्ट्र एसटी अधिकारियों के संपर्क में हूं और वे बचाव अभियान और घायल यात्रियों को चिकित्सा सहायता और उपचार के लिए तालमेल के साख काम कर रहे हैं।

# रोहित इंग्लैंड में एकदिवसीय सीरीज जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने



**मैनचेस्टर।** ऋषभ पंत के शानदार शतक से भारतीय टीम ने मेजबान इंग्लैंड को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीत ली है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी एक रिकार्ड बनाया है। रोहित इंग्लैंड में एकदिवसीय सीरीज जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने हैं। इससे पहले इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला जीतने वाले अन्य दो भारतीय कप्तान हैं मोहम्मद अजहरुद्दीन और महेन्द्र सिहं धोनी। अजहरुद्दीन की कप्तानी में भारत ने 1990 में दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-0 से हराया था। वहीं धोनी की कप्तानी में 2014 में भारत ने इंग्लैंड को पांच मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 3-1 से हराया था।

तीसरे मैच की बात करें तो भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। हार्दिक पांड्या और युजवेंद्र चहल की शानदार गेंदबाज से भारतीय टीम ने मेजबानों को 259 रनों पर ही आउट कर दिया। हार्छिक ने चार जबकि चहल ने तीन विकेट लिए। इसके बाद 260 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। रीस टोपले की शानदार गेंदबाजी से भारत के एक समय चार विकेट पर 72 रन ही बने थे पर फिर पांड्या और ऋषभ ने पांचवे विकेट के लिए 133 रनों की साझेदारी कर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। ऋषभ 125 रन बनाकर नाबाद रने। वहीं इससे पहले इंग्लैंड की आरे से जोस बटलर ने 60, जेसन रॉय ने 41 और मोइन अली ने 34 रन बनाकर अपनी टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था।

## शारजाह और दुबई में हो सकता है एशिया कप

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब हालातों को देखते हए अगले माह होने वाले एशिया कप का आयोजन अब शारजाह या दुबई में हो सकता है। श्रीलंका में आर्थिक संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। हालातों को काबू में करने के लिए आपातकाल भी लगाया गया है। ऐसे में किसी टूर्नामेंट का आयोजन संभव नजर नहीं आता है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की इस सप्ताह हुई बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब यह टूर्नामेंट किसी और स्थल पर होगा। बैठक में अधिकारियों ने श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में लगातार आ रही कमी को आधार बनाया है जिसके कारण लगातार हालात बिगड़ रहे हैं। पिछली बार भी एशिया कप का आयोजन यूएई में ही हुआ था। पिछले सप्ताह श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) एशिया कप आयोजित करने के पक्ष में था पर बीते कुछ दिनों में जिस प्रकार हालात खराब हुए हैं उससे अब बोर्ड की दावेदारी कमजोर हुई है। वर्तमान में पाकिस्तान की टीम यहां टेस्ट मैच खेल रही है पर एसएलसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एश्ले डीसिल्वा ने कहा कि द्विपक्षीय श्रृंखला की मेजबानी और एशिया कप की मेजबानी में अंतर है। एशिया कप में कई देशों की टीमें रहेंगी। इस कारण टूर्नामेंट के लिए पर्याप्त बिजली और ईंधन चाहिए जो अभी देश में नहीं है। साथ ही कहा कि प्रत्येक टीम को ईंधन के साथ लगेज वैन और प्रबंधकों के लिए परिवहन देना होगा। आपको प्रायोजकों को भी परिवहन देना होगा। फ्लड लाइट्स जलाने के लिए भी हमें काफी ईंधन की जरूरत होगी। इसके अलावा अभी मैच देखने के लिए विदेश से लोगों का आना भी संभाव नहीं है।

## भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए होल्डर की वेस्टइंडीज टीम में वापसी

**पोर्ट आफ स्पेन।** वेस्टइंडीज ने भारतीय टीम के खिलाफ क्वींस पार्क ओवल में 22 जुलाई से शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए ऑलराउंडर जेसन होल्डर को टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट की चयन समिति ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। होल्डर इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ हुई सीरीज के लिए टीम में नहीं थे। वहीं बल्लेबाज निकोलस पूरन टीम के कप्तान बने रहेंगे। शाई होप को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। सीडब्ल्यूआई के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, 'होल्डर दुनिया के शीर्ष ऑलराउंडर में से एक है और उसे टीम में वापस शामिल करने पर हमें खुशी हुई है।' उन्होंने कहा, 'वह तरोताजा, ऊर्जावान और फिर से मैदान पर उतरने को तैयार होंगे और हम मैदान पर उसकी प्रतिभा और मैदान के बाहर भी उसके सार्थक योगदान की उम्मीद कर रहे हैं।' हेन्स को उम्मीद है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन में सफल रहेगी। उन्होंने कहा-गयाना में बांग्लादेश के खिलाफ हमारे तीन मैच बहुत चुनौतीपूर्ण थे इसलिए जब हम त्रिनिदाद की परिस्थितियों में भारत का सामना करेंगे तो हम वापसी करना चाहेंगे। दोनो टीमों के बीच तीन एकदिवसीय मैच 22, 24 और 27 जुलाई को क्वींस पार्क ओवल में खेले जाएंगे।

## वन-टू-वन

### पहली बार असम और मणिपुर में आयोजित हो रहा डूरंड कप

**कोलकाता।** अगले माह 16 अगस्त से शुरू होने वाले डूरंड कप फुटबॉल का आयोजन पहली बार असम और मणिपुर में भी किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार कोलकाता के अलावा गुवाहाटी और इंफाल इस टूर्नामेंट के 131वें सत्र के मेजबान शहर होंगे। खिताबी मुकाबला विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में 18 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 20 हो गई है। गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम और इंफाल के खुमान लंपक स्टेडियम में पहली बार ये टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा पश्चित बंगाल में कोलकाता के किशोर भारती क्रीडांगन और उत्तर 24-परगना जिले के नैहाटी स्टेडियम में भी इन मैचों को खेला जाएगा। टूर्नामेंट की आयोजन समिति के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल केके रेप्सवाल ने कहा, हमने पिछले साल कहा था कि हम डूरंड कप को आगे ले जाना चाहते हैं। हमें बेहद खुशी हैं कि हम इसमें सफल हो रहे हैं।

### टी20 विश्व कप में अंतर पैदा करेंगे चहल : हॉग

**मुंबई।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग ने कहा है कि जिस प्रकार भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने गेंदबाजी कौशल को निखारा है। उसकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है जबकि दो साल पहले बल्लेबाज युजवेंद्र चहल की गेंदबाजी का अंदाजा लगाने लगे थे। चहल ने टीम में वापसी के बाद दोनों प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। हॉग के अनुसार चहल ऑस्ट्रेलिया में इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हॉग ने कहा, ''पिछले दो साल के अंदर उनके खेल के विकास को देखकर अंदाजा हो रहा है कि टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन बेहतर रहेगा। '' हॉग कें अनुसार चहल ने पिछले दो वर्षों में अपने खेल में हालात के अनुसार बदलाव करते हुए गेंदबाजों में विविधता का समावेश किया है। इससे भारत को टी20 विश्व कप में लाभ होगा क्योंकि चहल की गेंदबाजी बीच के ओवरों में बड़ा अंतर पैदा करेगी। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि बीच के ओवरों में टी20 क्रिकेट में लेग-स्पिन सबसे प्रभावी विकल्प है और चहल इसमें वह अपने सर्वश्रेष्ठ के साथ तैयार रहता है।'' इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के अनुसार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी इस टूर्नामेंट में बड़ा अंतर पैदा करेंगे।

### वेदांत की वार्षिक आम बैठक 10 अगस्त को होगी

**मुंबई।** धातु एवं खनन क्षेत्र की प्रमुख वेदांत वित्त वर्ष 2023 के दौरान कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 10 अगस्त को होगी और उसके एजेंडे में तीन प्रस्तावों को शामिल किया गया है। इन प्रस्तावों में भारत एल्युमीनियम कंपनी (बाल्को) के साथ 4,984 करोड़ रुपए का एक संबंधित पक्ष का सौदा शामिल है। बाल्को में वेदांत की 51 फीसदी हिस्सेदारी है। इस लेनदेन के तहत वित्त वर्ष 2023 के दौरान वस्तुओं एवं सेवाओं, स्टोरों, कलपुर्जों और अचल संपत्तियों की बिक्री शामिल है। संबंधित पक्ष के लेनदेन के अन्य दो प्रस्तावों में ईएलएल स्टील के साथ 1,712 करोड़ रुपए और स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन के साथ 1,965 करोड़ रुपए का सौदा शामिल है। वेदांत ने कहा है कि ये लेनदेन कारोबार में तालमेल बिठाते हुए व्यापक लाभ उठाने के लिए आवश्यक हैं और एक स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा इसका मूल्यांकन भी किया गया है। वेदांत ने कहा है कि तालमेल और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को प्राप्त करने के लिए इन लेनदेन की आवश्यकता है, और एक स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा इसका मूल्यांकन किया गया है। कंपनी ने कहा कि सौदों को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी को अपनी ऑडिट कमेटी से भी मंजूरी मिल गई है।पिछले साल भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कंपनी को ऑडिट समिति की पूर्व स्वीकृति के बिना 1,407 करोड़ रुपए के संबंधित पक्ष के लेनदेन के लिए चेतावनी जारी की थी। कंपनी के स्वतंत्र ऑडिटर और सेक्रेटेरियल ऑडिटर ने वित्त वर्ष 2011 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में इस मुद्दे को हरी झंडी दी थी।

### मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और आईटी शेयरों में लिवाली के चलते सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ खुले। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स 485.98 अंक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 485.98 अंक बढ़कर 54,246.76 पर पहुंच गया। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 126 अंक चढ़कर 16,175.20 पर था। सेंसेक्स में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, विप्रो, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एचडीएफसी के शेयरों में गिरावट हुई। अन्य एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई और हांगकांग के बाजार अच्छे लाभ में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुए। पिछले सत्र में शुक्रवार को तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 344.63 अंक चढ़कर 53,760.78 अंक पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 110.55 अंक की बढ़त के साथ 16,049.20 अंक पर बंद हुआ था। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 1,649.36 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# विश्व चैंपियनशिप में जीत के लिए 90 मीटर का आंकड़ा पार करना होगा : नीरज

**यूजीन।** भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इस बार मुकाबला बेहद कठिन रहेगा। नीरज के अनुसार इसका कारण यह है कि इसमें भाग लेने वाले करीब छह खिलाड़ी 89 मीटर तक भाला फेंक रहे हैं। ऐसे में जीत के लिए उनका लक्ष्य लक्ष्य 90 मीटर के आंकड़े को पार करना है। हाल में हुई डाइमंड लीग के दौरान वह इसके काफी करीब पहुंचे थे। नीरज ने कहा कि मेरी तैयार काफी अच्छी है और मैं अपना सौ फीसदी देने के लिए तैयार हूं।

चोपड़ा का इस सत्र में प्रदर्शन शानदार रहा है। ऐसे में वह स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। उन्होंने हाल में अपने प्रदर्शन में सुधार भी किया है। उन्होंने 14 जून को फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों में 89.30 मीटर और 30 जून को प्रतिष्ठित स्टॉकहोम डायमंड लीग प्रतियोगिता में 89.94 मीटर दूर भाला फेंका जिसमें वह केवल छह सेंटीमीटर से 90 मीटर की दूरी हासिल करने से रह गए थे।

इसके अलावा नीरज डायमंड लीग में ग्रेनेडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पीटर्स ने डायमंड लीग में 90.31 मीटर तक भाला फेंका था। पीटर्स और चोपड़ा के अलावा ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच ने 90.88 मीटर, जर्मनी के जूलियन वेबर ने 89.54 मीटर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैम्पियन केशोर्न वॉलकॉट ने 89.07 मीटर और फिनलैंड के ओलिवर हेलांडर ने 89.83 मीटर भाला फेंका था जिससे ये सभी पदक के दावेदारों में शामिल हैं।

चोपड़ा ने कहा कि इन सब के बीच ही उनका ध्यान केवल अपने प्रदर्शन पर है और वह स्वयं से बेहतर बनने के लिए ही प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'खेल में उतार चढ़ाव लगे रहते हैं। कभी आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हो तो कभी इससे बेहतर भी करते हो। कभी कभी आप अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तक नहीं पहुंच पाते। जब प्रदर्शन अच्छा नहीं होता तो ट्रेनिंग में और कड़ी मेहनत करता हूं। मेरी प्रतिस्पर्धा अपने आप से है और मैं अपने से बेहतर बनने का प्रयास करता हूं।%

### भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए लंदन रवाना

**बार्सिलोना।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए लंदन रवाना हो गई है। भारतीय टीम लंदन से नॉटिंघम जाएगी जहां वह 23 जुलाई को बर्मिंघम रवाना होने से पहले अभ्यास करेगी। भारतीय टीम एक जुलाई से 17 जुलाई के बीच खेले गए एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2022 में चीन के साथ नौंवे स्थान पर रही थी। टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि एफआईएच से सबक लेते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। सविता ने कहा, 'टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप स्पेन एवं नीदरलैंड 2022 में अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पायी पर अब हम राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। हमारे पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के संतुलन के साथ एक बेहतरीन दल भी है। इसके जरिये हम राष्ट्रमंडल खेलों में अपने पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़कर शुरुआत करेंगे।

# गेंदबाजी में मैंने लय हासिल की : पांड्या



### जरूरत पड़ने पर पूरी गति से गेंदबाजी करेंगे

**मैनचेस्टर।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि है कि जरूरत पड़ने पर वह पूरी गति से गेंदबाजी करेंगे। पीठ की सर्जरी के बाद से ही वह पिछले एक साल से गेंदबाजी नहीं कर पाये थे पर इंडियन प्रीमियर लीग से उन्होंने दोबारा गेंदबाजी शुरु की। इसके बाद से ही एक गेंदबाज के रूप में उन्होंने अब लय हासिल कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुइ सीमित ओवरों की सीरीज में उन्होंने बल्लेबाजी के अलावा अपनी गेंदबाजी से भी सबको प्रभावित किया। हार्दिक ने टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान 33 रन देकर चार विकेट और 24 रन देकर चार विकेट लेकर अपने अब तक के करियर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में उन्होंने शानदर गेंदबाजी के अलावा अच्छी बल्लेबाजी भी की। पंड्या ने कहा कि नियमित रूप से गेंदबाजी कर पाने से उन्हें काफी खुशी हुई है। हार्दिक ने कहा, 'सबसे पहले अपनी गेंदबाजी की बात करता हूं। प्रत्येक श्रृंखला के बाद मैं चार या पांच दिन ट्रेनिंग करता हूं क्योंकि इससे मेरी फिटनेस बेहतर होती है और मैं तरोताजा रहता हूं। मैं सौ फीसदी क्षमता के साथ खेलना पसंद करता हू क्योंकि इससे मुझे वह सभी चीजें करने का मौका मिलता है जो मैंने आज की। उन्होंने कहा, 'आईपीएल के बाद मैंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में वापसी की। मैंने एक ओवर गेंदबाजी की और फिर दो मैच में गेंदबाजी नहीं की।

## सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भी सोमवार को तेजी देखी जा रही है। पिछले सप्ताह लगातार गिरावट से उबरकर सोमवार को पीली धातु के वायदा भाव में तेज बढ़त दिखी, जबकि चांदी फिर 56 हजार के करीब पहुंच गई। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज पर सोमवार सुबह 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का वायदा भाव 248 रुपए बढ़कर 50,355 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। इससे पहले सोने में कारोबार की शुरुआत 50,150 रुपए के स्तर पर खुलकर हुई थी लेकिन मांग बढ़ने से जल्द कीमतों में उछाल दिखने लगा। सोना अभी अपने पिछले बंद भाव से 0.49 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा है। चांदी की कीमतों में भी उछाल दिखा और इसका वायदा भाव एक बार फिर 56 हजार के करीब पहुंच गया है। एमसीएक्?स पर चांदी का वायदा भाव सुबह 363 रुपए बढ़कर 55,950 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गया। इससे पहले चांदी में ट्रेडिंग की शुरुआत 56,120 रुपए पर खुलकर हुई थी लेकिन मांग में नरमी से कीमतों में कुछ गिरावट आ गई। हालांकि, चांदी अभी अपने पिछले बंद भाव से 0.65 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रही है। वै?श्विक बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में उछाल दिख रहा है। अमेरिकी बाजार में सोने का हाजिर मूल्?य 1,714.89 डॉलर प्रति औंस रहा जो अपने पिछले बंद भाव से 0.25 फीसदी ज्?यादा है। इसी तरह, चांदी का हाजिर भाव भी 18.83 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया है। चांदी भी अपने पिछले बंद भाव से 0.44 फीसदी पर कारोबा कर रही थी।



# अनाज, दाल, आटा सहित 25 किलो से अधिक वजन के खाद्य वस्तु पैकेट को पांच फीसदी छूट



**नई दिल्ली।** खाने की वस्तुओं के बिना ब्रांड वाले, पहले से पैक तथा लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, दालें और अनाज के ऐसे पैकेटों को पांच फीसदी माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट मिलेगी जिनका वजन 25 किलो से अधिक है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार देर रात को कई सवाल-जवाब जारी किए जिनमें कई शंकाओं का समाधान किया गया और स्पष्टीकरण दिया गया है। एफएक्यू में कहा गया कि पांच फीसदी जीएसटी पहले से पैक उन्हीं वस्तुओं पर लगेगा ?जिनका वजन 25 ?किलो तक है। हालांकि खुदरा व्यापार विनिर्माता या वितरक से 25 किलो पैक सामान लाकर उसे खुले में बेचता है तो इस पर जीएसटी नहीं लगेगा। पिछले हफ्ते सरकार ने अधिसूचित किया था कि 18 जुलाई से बिना ब्रांड वाले और पहले से पैक तथा लेबल वाले खाद्य पदार्थों पर पांच फीसदी जीएसटी लगेगा। इससे पहले तक केवल ब्रांडेड सामान पर ही जीएसटी लगाया जाता था। इसमें कहा गया ?कि यह स्पष्ट किया जाता है कि अनाज, दालें और आटा के एक-एक पैकेट जिनका वजन 25 किलोग्राम या लीटर से अधिक है वे पहले से पैक एवं लेबल वाली वस्तुओं की श्रेणी में नहीं आएंगे, अत-इन पर जीएसटी नहीं लगेगा। सीबीआईसी ने कहा है कि खुदरा बिक्री के लिए पहले से पैक आटे के 25 किलोग्राम के पैकेट की आपूर्ति पर जीएसटी लगेगा।

# शीर्ष 10 अमीरों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंचे अडानी

### अडानी ने 112.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ बिल गेट्स को छोडा पीछे



**मुंबई।** दुनिया के शीर्ष अरबपतियों की सूची में भारतीय कारोबारी गौतम अडानी शीर्ष 10 अमीरों की सूची में एक पायदान आगे बढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम सूची के मुताबिक अडानी 112.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स को पीछे छोड़ चुके हैं। पांचवें नंबर पर खिसके गेट्स की नेट वर्थ कम होकर अब 103 अरब डॉलर रह गई है। शीर्ष 10 अरबपतियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने एक बार फिर प्रवेश किया है। वे इस सूची में 10वें नंबर पर हैं। उनकी संपत्ति 87.1 अरब डॉलर है। अब गौतम अडानी और मुकेश अंबानी की संपत्ति में फासला काफी बढ़ गया है। इस सूची में 230.4 अरब डॉलर नेटवर्थ के साथ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर हैं। वहीं फ्रांस के अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट 148.4 अरब डॉलर के साथ दूसरे और अमेजॉन के जेफ बेजोस 139.2 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान हैं। लैरी एलिसन 97.3 अरब डॉलर नेट वर्थ के साथ छठे नंबर पर हैं। दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे 96.9 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सातवें पायदान पर हैं। लैरी पेज 96.7 अरब डॉलर के साथ आठवें सबसे अमीर इंसान हैं, जबकि सर्गेई ब्रिन 93 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ नौंवे नंबर पर हैं। फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग 20वें नंबर पर हैं। जुकरबर्ग की नेटवर्थ कम होकर 59.3 अरब डॉलर रह गई है।

## कच्चा तेल 100 डॉलर के नीचे, आयात भी होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई है। दूसरी कमोडिटीज की कीमतों में भी गिरावट आई है। इससे आने वाले दिनों में आयात सस्ता होने की उम्मीद है। अगर ऐसा होता है तो इससे देश में महंगाई से राहत मिल सकती है। आरबीआई का भी कहना है कि अगर कमोडिटीज की कीमत में नरमी बनी रहती है और सप्लाई-चेन का दवाब कम होता है तो आने वाले दिनों में महंगाई से पीछा छूट सकता है। अभी अमेरिका और यूरोप के कई देशों में महंगाई चरम पर है। भारत में भी महंगाई इस साल जनवरी से ही आरबीआई की तय सीमा से ऊपर बनी हुई है। महंगाई से निपटने के लिए आरबीआई ने हाल में दो किस्तों में रेपो रेट में 90 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की थी। अगर महंगाई में कमी आती है तो आने वाले दिनों में ईएमआई में भी राहत मिल सकती है। आरबीआई ने अपनी ताजा ?रिपोर्ट में कहा कि है कि सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि महंगाई अपने चरम स्तर से थोड़ा नीचे आई है। हालांकि यह अब भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि हाल के दिनों में कमोडिटीज की कीमत में गिरावट आई है।

## पांच शहरों में पट्टे पर गोदाम और औद्योगिक स्थल की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के पांच प्रमुख शहरों में जनवरी-जून 2022 तिमाही के दौरान पट्टे पर गोदाम तथा औद्योगिक स्थल की मांग सात फीसदी बढ़कर 1.08 करोड़ वर्गफुट हो गई। रियल एस्टेट क्षेत्र में पेशेवर सेवा देने वाली और एक निवेश प्रबंधन कंपनी ने यह जानकारी दी। पिछले वर्ष पहली छमाही में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में पट्टे पर इन स्थल की मांग 1.01 करोड़ वर्गफुट थी। इसमें बताया गया कि मुंबई और पुणे में पट्टे पर स्थल की मांग बढ़ी है लेकिन बेंगलुरु और चेन्नई में इसमें गिरावट आई है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में पट्टे पर गोदाम एवं औद्योगिक स्थल की मांग 30 लाख वर्गफुट पर स्थिर और सपाट बनी हुई है। कंपनी ने कहा ?कि करीब 55 फीसदी सकल मांग तीसरे पक्ष की लॉजिस्टिक्स कंपनियों की ओर से आई, इसके बाद इंजीनियरिंग एवं ऑटोमोबाइल क्षेत्र से 12-12 फीसदी मांग आई। आंकड़ों के मुताबिक बेंगलुरु में जनवरी से जून के दौरान पट्टे पर स्थल लेने की गतिविधियों में 29 फीसदी की गिरावट और चेन्नई में 16 फीसदी गिरावट आई। वहीं मुंबई में ऐसी गतिविधियां 7 लाख वर्ग फुट से तीन गुना बढ़कर 21 लाख वर्गफुट हो गईं। पुणे में यह पिछले वर्ष के 24 लाख वर्गफुट से सात फीसदी बढ़कर जनवरी से जून 2022 के बीच 26 लाख वर्गफुट हो गई। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस साल की पहली छमाही में सबसे ज्यादा मांग तीसरे पक्ष की लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनियों की ओर से आई और यह चलन आने वाली कुछ तिमाहियों में जारी रहने का अनुमान है।

# प्राची देसाई ने बताया आखिर क्यों करती हैं कम फिल्मों में काम



टीवी में सफल करियर के बाद फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री प्राची देसाई ने कई निर्देशकों द्वारा अपमानित किए जाने पर फिल्मों को ठुकराने की बात कही है. उन्होंने कहा है कि उन्हें काफी लंबे समय तक हॉट दिखने पर फोकस करने को कहा गया था. उन्होंने इस तरह की फिल्मों में काम करने से मना कर दिया तो इंडस्ट्री में उनकी निगेटिव छवि बना दी गई. प्राची देसाई ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलकर बात की और अपने साथ हुए मदभेद को लेकर भी बहुत सारी बातों को साझा किया. प्राची ने बताया कि, 'मैं कभी भी ऐसी फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थी जो सेक्सिस्ट हो और इस इंडस्ट्री में मैंने हॉट दिखने के लिए काफी लंबे समय तक लड़ाई लड़ी है. लोग चाहते थे कि मैं हॉट बनूं. मुझे कई निर्माताओं और निर्देशकों से फीडबैक मिला कि मुझे हॉट होने पर काम करना है. इसलिए मैंने कम काम चुना और मैंने इस इंडस्ट्री से दूर रहना शुरु कर दिया. मैंने बहुत सी बड़ी फिल्मों में काम करने से मना कर दिया था क्योंकि उन्ही सभी फिल्मों में सेक्सिस्ट दिखाना था.' प्राची ने आगे कहा कि, 'इंडस्ट्री में कुछ नामी डायरेक्टर्स हैं जिन्होंने काम के लिए अप्रोच किया था. साथ ही मुझे काम के लिए अपमानित भी किया गया था. उनकी मानें तो इन डायरेक्टर्स को लगता था कि वो उन्हें फिल्म में काम देकर उन पर अहसान कर रहे हैं. आपको बता दें, प्राची ने अपने अभिनय की शुरुआत टीवी शो 'कसम से' से की थी. उन्होंने फिल्म 'रॉक ऑन' से अपने फिल्म करियर की शुरुआत की थी।

## दिन में एक बार जरूर पिएं करेले का जूस, कई शारीरिक समस्याओं से मिलेगी मुक्ति

करेला एक ऐसी सब्जी है जिसे देखते ही सबका मुंह बनने लगता है खाना तो दूर की बात है. हालांकि आपको ये पता होना चाहिए कि



करेला खाना सेहत के लिए बहुत ही अच्छा होता है. यह शरीर में शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने के साथ साथ वजन को भी नियंत्रित रखता है. अधिकतर लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं क्योंकि इसे खाकर कड़वा महसूस होता है पर ये कड़वाहट ही शरीर से कई प्रकार की बीमारियों को दूर रखती है. करेला सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होता है इसलिए इसका सेवन जरूर करना चाहिए. कुछ लोग करेले की सब्जी बनाते हैं तो कुछ इसे जूस के रूप में पीते हैं. अगर आप करेले की सब्जी खाते हैं तो ऐसे में आप इसका जूस भी पी सकते हैं. करेले का जूस पीने से आपकी सेहत के साथ साथ स्किन और बालों की समस्याएं भी दूर होती हैं. करेले का जूस पीने से चेहरे पर ग्लो आता है. साथ ही बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है जिससे वेट कंट्रोल होता है. करेला विटामिन सी से भरपूर होता है ऐसे में यह शरीर के इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग रखता है. आइए जानते हैं करेले के जूस के फायदों के बारे में.

### डायबिटीज में फायदा

डायबिटीज में करेला हमेशा फायदेमंद साबित होता है. इसमें इंसुलिन होता है जिसे पॉलीपेप्टाइड भी कहा जाता है. करेले का जूस बॉडी में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है. इसे खाली पेट पीने की कोशिश करें.

### लिवर के लिए फायदेमंद

करेले का जूस आपकी आंतो को साफ करता है. करेले के जूस में मोमोर्डिका चाररेंटिया नामक एक तत्व पाया जाता है. ये एक एंटीऑक्सीडेंट है जो लिवर के कामों को मजबूत करके लिवर डैमेज से सुरक्षा प्रदान करता है. ये गॉल ब्लैडर के काम को भी बढ़ावा देता है.

### इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है

करेले में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होता है जो कि शरीर को कई तरह के वायरल इंफेक्शन से बचाता है. यह इम्यून सिस्टम को स्ट्रॉन्ग बनाता है ताकि बॉडी बीमारियों से दूर रह सके.

### मोटापा कम करता है

करेले का जूस मोटापा कम करने में काफी मदद करता है. दरअसल करेले में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है जिससे कैलोरी कंट्रोल में रहती है और वजन नहीं बढ़ता है. करेले का जूस पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है. इससे वेट कंट्रोल में रहता है.

# कनिका मान निभाएंगी यंग बोंदिता का रोल




टीवी शो बैरिस्टर बाबू में जल्द ही नौजवान बोंदिता नजर आने वाली हैं. दर्शक उस खास एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. नौजवान बोंदिता के रोल को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे, हालांकि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि शो गुड्डन तुमसे न हो पाएगा फेम कनिका मान बड़ी हो चुकी बोंदिता का रोल निभाएगीं. एक खबर के मुताबिक, कनिका जल्द ही इस खास एपिसोड की शूटिंग शुरू करेंगी. सूत्र के हवाले से बताया कि कनिका दो से तीन दिनों में शूटिंग शुरू कर देंगी. शुरुआत में एक प्रोमो शूट होने जा रहा है. कई एक्ट्रेस ने बोंदिता के रोल के लिए ऑडिशन दिया था और आखिर में कनिका को चुना गया. सूत्र ने आगे बताया, इस रोल के लिए, एक्ट्रेस रीम शेख के नाम पर भी विचार किया जा रहा था, लेकिन एक्ट्रेस को लेकर आशंका थी. वे नए शो का हिस्सा बनने के लिए ज्यादा रोमांचित दिखीं. दिलचस्प बात यह है कि अशनूर कौर भी इस रोल के दावेदारों में से एक थीं, लेकिन वे अपनी बोर्ड परीक्षाओं के कारण इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सकीं. सूत्र ने आगे कहा, शो में लीप इस साल की शुरुआत में होना था. हालांकि, कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण, इसे रोक दिया गया था और शो के निर्माताओं शशि और सुमीत मित्तल ने इस शो के मौजूदा आर्टिस्ट औरा भटनागर बडोनी और प्रविष्ठ मिश्रा के साथ शूटिंग जारी रखी. इन्होंने शो में बोंदिता और अनिरुद्ध का रोल निभाया है. खबर आ रही है कि लीप कुछ हफ्तों के बाद शूट होने वाला है. सूत्र ने बताया, निर्माता लीप के बाद एक्टर्स के साथ शूटिंग शुरू करने के लिए महाराष्ट्र में प्रतिबंध हटने का इंतजार कर रहे हैं।

# वरुण धवन ने छोड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की बायोपिक

पिछले काफी समय से चर्चा थी कि वरुण धवन जल्द ही पर्दे पर हॉकी खेलते नजर आएंगे। उन्हें हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की बायोपिक का प्रस्ताव मिला था। वरुण ने फिल्म में दिलचस्पी भी दिखाई थी। वह इसे लेकर इसलिए भी बेहद उत्साहित थे क्योंकि वरुण पहली बार किसी बायोपिक में काम करने जा रहे थे, लेकिन अब वह अभिषेक चौबे के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वरुण अब इस फिलम का हिस्सा नहीं होंगे। डेट्स ना होने की वजह से उन्हें यह फिल्म छोड़नी पड़ी है। निर्माता रॉनी स्क्रूवाला लॉकडाउन के बाद फौरन फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते थे, लेकिन वरुण ने पहले से



ही कई फिल्मों को लेकर कमिटमेंट किया हुआ है। वरुण को कहानी बेहद पसंद थी, लेकिन इसकी तैयारी और शूट में समय बहुत ज्यादा लगता। लिहाजा वरुण को फिल्म के लिए मना करना पड़ा।

चर्चा थी कि मेजर ध्यानचंद की बायोपिक के राइट्स करण जौहर ने खरीद लिए हैं। जब करण ने इस प्रोजेक्ट के बारे में सुना था तो वह तुरंत इसे बनाने के लिए राजी हो गए थे। करण यह फिल्म शाहरुख खान के साथ बनाने वाले थे, लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन में समय लगने की वजह से फिल्म डिब्बाबंद हो गई थी। इसके बाद रॉनी स्क्रूवाला ने फिल्म के राइट्स खरीदे और अब वह इसे काफी बड़े स्तर पर बनाने वाले हैं। ध्यानचंद को खेल जगत की दुनिया में दद्दा कहकर पुकारते हैं। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ध्यानचंद ने वर्ष 1926 से 1948 तक भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। 1928, 1932, 1936 में हुए ओलंपिक में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। करीब 185 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इनमें 400 से अधिक गोल किए।

## अपने कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं कार्तिक आर्यन



बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। जिसमें उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 और धमाका जैसी शामिल है। अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका का ऐलान पिछले साल नवंबर के महीने में ही कर दिया गया था। इसके बाद से उनकी ये फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी फिल्म धमाका की शूटिंग भी पूरी कर ली है और ये इन दिनों पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। आपको बता दें कि अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अब इसकी रिलीज को लेकर मेकर्स इन दिनों तैयारी कर रहे हैं। इस वक्त की आज ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि, कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका इसी साल सितंबर के महीने में रिलीज की जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार कार्तिक आर्यन और मृणाल ठाकुर द्वारा अभिनीत धमाका सितंबर के महीने में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है। खबरों में कहा जा रहा है कि, धमाका फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म के लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। इस वक्त मेकर्स इसे रिलीज करने के लिए सही समय की तलाश कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने सितंबर के महीने का चुनाव किया है। पहले खबरें सामने आ रही थी कि मेकर्स फिल्म को जून के महीने में ही रिलीज करने वाले हैं।

# इंडस्ट्री में आम धारणा है, सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं : जरीन खान



जरीन खान को याद है कि वह जिस तरह दिखती हैं, उसके लिए उन्हें एक फिल्म से रिजेक्ट कर दिया गया था। बॉलीवुड अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें उद्योग की धारणा के बारे में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं। जरीन ने बताया, यह सिर्फ मैं ही नहीं, जिसे टाइपकास्ट किया गया है। मुझे लगता है कि इस उद्योग में हर व्यक्ति टाइपकास्ट हो जाता है। जब मैं वीर के साथ बाहर आई तो मुझे एक सुंदर लड़की, एक लड़की के रूप में टाइपकास्ट किया गया-बस तुलना और सब कुछ। इसलिए, मुझे सही मौके नहीं मिले। (वास्तव में) उसके बाद बिल्कुल भी मौका नहीं मिला। (मुझे बुलाया गया) मोटा, और यह और वह है बस। उन्होंने याद किया कि सलमान खान अभिनीत फिल्म रेडी में उनके डांस नंबर कैरेक्टर ढीला ने धारणाओं को बदलने में कुछ हद तक मदद की। लोग ऐसे थे, वह ऐसी भी दिख सकती है। उसने अपना वजन कम किया है, अच्छा। फिर हेट स्टोरी आई और लोगों ने कहा कि वह बहुत हॉट है। फिर भी, जरीन को तब अस्वीकार कर दिया गया जब उसने ऐसी भूमिकाओं की तलाश की, जो उसे चित्रित करने के लिए कुछ सार्थक दे। उन्होंने कहा, उसके बाद जब मैंने लोगों से इतनी हॉट भूमिकाओं या मिलने की कोशिश की, जिसके लिए मुझे कुछ सार्थक या गंभीर भूमिका निभाने को मिल सके। तो मुझे अस्वीकार कर दिया गया और मुझे हमारे उद्योग में बताया गया कि यह एक धारणा है कि सुंदर लड़कियां अभिनय नहीं कर सकतीं हैं। उन्होंने कहा, इसका क्या मतलब है? अगर आप मुझे सुंदर मानते हैं तो आप मुझे मौका नहीं देंगे यह कितना अनुचित है। 34 वर्षीय ने ग्लैमरस होने से जुड़ी सभी चीजों से ब्रेक ले लिया। उन्होंने जोर दिया कि मैं हकीकत में लोगों के लिए एक ग्लैमरस चेहरे से ज्यादा मुझे देखने के लिए सचेत कोशिश करना चाहती हूं।

# वजन कम करने में मदद करेगी पत्तागोभी, ऐसे करें इस्तेमाल



वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह की चीजों का सहारा लेते हैं. कई चीजों को अपनी डाइट चार्ट से हटाते हैं तो कई चीजों को डाइट में शामिल करते हैं. अगर आप चाहें तो वजन कम करने के लिए एक और चीज को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं और वो है पत्तागोभी ( ). ये वजन कम करने में तो आपकी मदद करेगा ही साथ ही इसमें मौजूद पोषक तत्व आपकी सेहत को भी कई तरह के फायदे पहुंचायेंगे. वजन कम करने के लिए पत्तागोभी को किस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है आइये जानते हैं.

**पत्तागोभी में होते हैं ये पोषक तत्व:** पत्तागोभी में विटामिन के, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन बी6, फोलेट के साथ पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फास्फोरस, ज़िंक, सोडियम, कोलिन, नियासिन, राइबोफ्लेविन, थायमिन और मैंगनीज जैसे तत्व पाए जाते हैं. ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है.

**ऐसे करें इस्तेमाल:** वजन कम करने के लिए पत्तागोभी का इस्तेमाल सूप के तौर पर करना बेहतर होता है. इसके सेवन से पेट जल्दी भरता है और बार-बार भूख का एहसास नहीं होता है.

**इन चीजों की होगी ज़रूरत:** एक पत्ता गोभी, दो बड़े प्याज़, दो-तीन हरी मिर्च, एक बड़ा टमाटर, हरा धनिया, स्वादानुसार नमक और कालीमिर्च लें. पत्तागोभी को कद्दूकस कर के धो लें. प्याज़, टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया को बारीक काट लें.

**ऐसे करें सूप तैयार:** एक कढ़ाही में एक छोटा चम्मच तेल डालकर गर्म कर लें. इसके गर्म हो जाने के बाद इसमें कटा हुआ प्याज़ डाल दें। इनको गोल्डन ब्राउन हो जाने तक फ्राई कर लें. फिर कढ़ाही में कद्दूकस की हुई पत्तागोभी डालें और नमक भी डाल दें. इसके बाद चार-पांच कप पानी डालकर कढ़ाही को ढक्कन या प्लेट से ढक दें. इसको मीडियम फ्लेम पर तकरीबन दस मिनट तक पकने दें. इसके बाद इसमें टमाटर और कालीमिर्च एड कर दें. इसके बाद पांच मिनट तक और पकने दें।

## मोना सिंह पांच साल बाद शो होस्ट करती आएंगी नजर

टीवी के फेमस शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं' की जस्सी उर्फ मोना सिंह को लोग काफी दिनों से मिस कर रहे हैं. जस्सी के रोल में शानदार एक्टिंग की वजह से मोना सिंह घर-घर में फेमस हो गई. इस शो के बाद मोना सिंह ने कई शोज में काम किया.



बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी उन्हें काम मिला लेकिन अचानक ही पर्दे से दूर हो गई. खबरों की मानें तो जल्द ही मोना सिंह एक क्राइम शो होस्ट करते नजर आने वाली हैं.

**'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' के करीब 5 साल बाद मोना सिंह छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं:** रिपोर्ट्स की मानें तो क्राइम शो 'मौका-ए-वारदात 2' को होस्ट करने वाली हैं. मोना की पर्सनैलिटी भी ऐसे शो के लिए सूटेबल है. खबर है कि शो में मोना के साथ एक्टर रवि किशन भी नजर आएंगे. मोना के लिए इस तरह के शो होस्ट करने का यह पहला मौका है. इसलिए वह खासा एक्साइटेड भी हैं. हालांकि वे क्राइम शो सीआईडी में काम कर चुकी हैं. मोना सिंह ने बताया कि 'मैं मौका-ए-वारदात 2' शो के लिए काम करने वाली हूं. क्राइम मेरा पसंदीदा टॉपिक रहा है, इसलिए इस शो को लेकर मैं बेहद एक्साइटेड भी हूं। इस फिल्म की शूटिंग की जगह, क्रू के साथ-साथ शूटिंग से संबंधित सभी चीजों पर काम चल रहा है. जल्द ही सारी तैयारी के साथ शूटिंग शुरू हो जाएगी'. बता दें कि मोना सिंह ने 'जस्सी जैसी कोई नहीं', 'झलक दिखला जा', 'राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी', 'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' जैसे शो में अपना दमखम दिखाया है।

## गहरे होते भारत-यूएई संबंध

कुछ वर्ष पहले तक खाड़ी देशों के साथ हमारे संबंध बस इतने थे कि हम तेल खरीदते हैं और उनको भुगतान कर देते हैं तथा हमारे लोग वहां काम करते हैं और वहां से अपनी कमाई यहां भेजते हैं। अब हमारे संबंध परिपक्व और बहुआयामी हो गए हैं क्योंकि खाड़ी में हर देश के साथ भारत ने रणनीतिक सहयोग के समझौते किए हैं। व्यापार, कारोबारी सहभागिता, तकनीक, साइबर सुरक्षा, सामुद्रिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी सहयोग का विस्तार हुआ है। बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए भारत भी यह चाहता है कि मध्य एशिया में शांति और स्थिरता रहे। हालांकि सभी खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंध गहरे हुए हैं, लेकिन इनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) विशेष स्थान रखता है। भारत के लिए यूएई की खास अहमियत होने की दो मुख्य वजहें हैं- यह भारत के लिए आवागमन का एक बहुत बड़ा केंद्र है तथा भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार के मामले में यह शीर्ष देशों में शामिल है। हमारे यहां यूएई के निवेश में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दोनों देशों के संबंधों को बेहतर करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी भूमिका है। द्विपक्षीय संबंधों में नेताओं की आपसी समझ और भरोसे की बड़ी भूमिका होती है। जर्मनी में जी-7 के बैठक से लौटते हुए कुछ देर के लिए प्रधानमंत्री मोदी यूएई में रुके। यह उनकी चौथी यात्रा थी। पहले उन्हें दुबई एक्सपो में जाना था, पर महामारी के चलते वे नहीं जा सके थे। उल्लेखनीय है कि खाड़ी देशों में यूएई पहला ऐसा देश है, जिसने इजरायल के साथ सामान्य संबंध बनाने की व्यापक पहल की है। अरब देशों में इससे पहले मिस्र और जॉर्डन ने ही ऐसा किया था। संबंध बढ़ाने के प्रयास के तहत ही भारत, इजरायल, अमेरिका और यूएई ने एक समूह बनाया है, जिसे आई2यू2 कहा जाता है। इसमें शामिल तीनों देशों के साथ भारत का रणनीतिक सहकार है। भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौता करने के संबंध में बातचीत चल रही है। ऐसे ही एक समझौते के लिए अमेरिका के साथ भी चर्चा हो रही है। हाल में बने एक आर्थिक मंच में भी अमेरिका और भारत शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य एवं व्यापार के क्षेत्र में भारत की भूमिका के महत्व को खाड़ी देश भी समझ रहे हैं। पहले इनके साथ व्यापक संबंध न बन पाने की एक वजह यह भी थी कि ये देश पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आते थे और हमारा आकलन यह होता था कि ऐसे में सहकार की संभावना तलाशने का कोई मतलब नहीं है। अब यह स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया दौरे का एक संदर्भ यह भी है कि कुछ दिन पहले अबुधाबी के शासक और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद के भाई और पूर्व राष्ट्रपति खलीफा बिन जायेद का निधन हुआ था। भारत की ओर से शोक संवेदना प्रकट करने के लिए उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू गये थे। इस दौरे में प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपनी संवेदना दी और मोहम्मद बिन जायेद को राष्ट्रपति बनने की बधाई भी दी। दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत निकटता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यूएई के राष्ट्रपति अपने परिजनों और वरिष्ठ मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए हवाई अड्डे पर आये तथा वहीं बातचीत की। दोनों नेता इस बात से आगाह हैं कि चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, चाहे वे खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी हों, रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न स्थिति हो या भावी विश्व व्यवस्था के बारे में हों।

# महंगाई और जीएसटी पर सरकारों का जश्न

सनत जैन



भारत में महंगाई भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। इसके साथ ही जीएसटी की कमाई से सरकारी खजाना भी तेजी के साथ हर माह भरता है। खजाने भरने का जश्न तो सरकार को मनाना ही चाहिए लगातार तीसरे माह जीएसटी के माध्यम से 1 लाख 40 हजार करोड़ से ज्यादा टेक्स सरकारी खजाने में आना केंद्र एवं राज्य सरकारों की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह अलग बात है कि यह टैक्स जनता से, विशेष रुप से 112 करोड गरीब जनता से टैक्स वसूला गया है, सबसे ज्यादा आबादी उनकी है। आबादी के हिसाब से वही सबसे ज्यादा अर्थव्यवस्था में योगदान गरीब ही देते हैं। सबसे ज्यादा टैक्स गरीबों पर लग रहा है।

1947 में भारत जब स्वतंत्र हुआ था। उस समय बहुत कम वस्तुओं पर टैक्स लगता था। उस समय भारत का कोई आर्थिक आधार नहीं था। प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध एवं अकाल के बाद आम आदमियों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिल पा रहा था। उस समय केंद्र एवं राज्य सरकारों की टेक्स से कमाई न्यूनतम थी। 1980 तक लगभग यही स्थिति बनी रहीं। सबसे कम टैक्स भारत में इन्हीं 33 सालों में था।

1980 की हरित क्रांति और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि के बाद आर्थिक स्थितियां बेहतर होना शुरू हुई। तत्कालीन सरकारों ने मध्यमवर्ग एवं कुलीन वर्ग के लिए आयकर,सेल्स टेक्स, एक्साइज ड्यूटी तथा कस्टम ड्यूटी के माध्यम से कुछ चुनिंदा आइटमों पर टैक्स लगाकर देश को विकास के पथ पर ले जाने का काम किया। हर साल केंद्र एवं राज्य सरकारें बजट पेश करती थी। इसमें गरीबों को टैक्स के दायरे से दूर रखा जाता था। 2003 के बाद से वैश्विक व्यापार संधि के तहत जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर लेनदेन और व्यापार शुरू हुआ। उसके बाद से आर्थिक सुधार के नाम पर लगातार टैक्स बढ़ाने और कर्ज लेकर खर्च करने की की प्रवृत्ति बढ़ी है। बाजारवाद के इस दौर में पूंजीवादी व्यवस्था को ही सर्वोपरि मानते हुए। सरकार ने हर साल टैक्स बढ़ाने की नई परंपरा शुरू की बाजारवाद की सुनहरी दुनिया के आगोश में गरीब और अमीर सभी टेक्स दायरे में आ गए। बचत और कर्ज लेकर खर्च करने की प्रवृत्ति गरीब अमीर और मध्यम वर्ग सबके बीच में आ गई। सपने दिखाकर आम लोगों की भौतिक आवश्यकताओं को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, विज्ञापन और बाजारवाद के प्रलोभन ने लोगों की सोच और जीवनशैली को पूरी तरह बदल दिया। परिणाम स्वरूप गरीब और मध्यम वर्ग भी बाजारवाद की इस दौड़ में शामिल हो गया। गरीब और मध्यम वर्ग ने कर्ज लेकर और अपनी बचत को खर्च करके नई-नई भौतिक आवश्यकताओं से जुड़कर खर्च बढ़ाकर खुद कर्जदार होता रहा। वहीं बड़े-बड़े धन्ना सेठों कारपोरेट और सरकारों की तिजोड़ियों को भरने का काम टैक्स और मुनाफे से होने लगा।

2005 के बाद वैश्विक व्यापार संधि के कारण सरकार का राजस्व बड़ी तेजी के साथ बढ़ना शुरू हुआ। इसकी कल्पना तत्काल प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और योजना आयोग के डॉ. मोटेक सिंह अहुलवालिया ने भी नहीं की थी। उसके बाद से ही विकास के नाम पर नई-नई योजनाओं नए-नए कर्जे और नए नए टैक्स की जो बाढ़ देश में आई। वह अब रुक नहीं पा रही है। पिछले 15 वर्षों में केंद्र एवं राज्य सरकारों के खजाने में राजस्व की वृद्धि हुई है। सरकारों ने अपना खर्च बढ़ाया है। कारपोरेट जगत ने तेजी के साथ कमाई करके देश और विदेशों में भारी धन जमा किया है। वह वर्तमान स्थिति में आश्चर्यचकित करने वाला है।

2017 में जीएसटी को लागू किया गया। इस टैक्स के लागू होने के बाद कई टैक्स खत्म होने थे। जो आज तक नहीं हुए। इसके बाद भी केंद्र एवं राज्य सरकारों ने मिलकर जीएसटी के दायरे में सभी किस्म के गुड्स और सेवा के उन सभी चीजों को शामिल कर दिया गया है। जो आम-आदमी की बुनियादी जरूरत में शामिल है। जीएसटी के दायरे में बैंक से कर्ज लेने, किराए पर मकान लेने, टेलीफोन और बिजली के बिलों, गेहूं, चावल, आटा, दाल दूध, दही, सोयाबीन, मटर, चावल, खाद्य तेल, गोली, बिस्कुट यहां तक की स्कूल की किताबें तथा सरकार से लेने वाली सेवाओं पर भी आम आदमी से शुल्क और टैक्स वसूलने की नई परंपरा शुरू हो गई है। जिसके कारण भारत के सभी 140 करोड़ नागरिक अब टैक्स के दायरे में आ गए हैं। सबसे ज्यादा टैक्स सरकार गरीबों से ले रही है। गरीबों की जनसंख्या सबसे ज्यादा है। उनकी श्रम की जो अपनी अर्थव्यवस्था है। वह देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत में श्रम एवं कृषि ही अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। तीसरा स्थान औद्योगिक अर्थ-व्यवस्था का होता है। 2017 मैं इस तरह से जीएसटी लागू हुआ था, और प्रारंभिक दौर में जो सपना दिखाया गया था। ठीक उसके विपरीत जीएसटी के दायरे में अब लगभग भारतीय समाज में जो सेवाएं आम नागरिकों द्वारा दूसरे को दी जा रही हैं। उन पर और सभी किस्म के उत्पाद, चाहे वह किसी भी रूप में हों। टैक्स के दायरे में शामिल कर दिए गए हैं । सबसे बड़ी बात यह है की टेक्स के दायरे में सभी वस्तुओं और सेवाओं के टैक्स की जो दरें है, वह दुनिया में सबसे ज्यादा टेक्स है। 8 फ़ीसदी से 28त्न के दायरे में टैक्स आम जनता को भरना पड़ रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, कोविड-19 के बाद कर्ज की मार, केंद्र-राज्य सरकारों एवं स्थानीय संस्थाओं द्वारा लगातार बढ़ाए जा रहे टैक्स, विभिन्न किस्म के शुल्क, जुर्माना इत्यादि की मार, सबसे गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रही है। केंद्र एवं राज्य सरकारें गरीबों के नाम पर योजनाओं चलाने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है। भारत की सबसे गरीब 112 करोड़ लोगों की आबादी है। इसमें 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न या रियायती दर पर खाद्यान्न देने एवं अन्य योजनाओं में जो लाभ गरीबों को दिया जा रहा है। उससे कई गुना ज्यादा टैक्स अब गरीबों से वसूल किया जा रहा है। गरीबों के नाम पर जो योजनाएं संचालित हो रही हैं। वह भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, नेताओं अधिकारियों और बिचौलियों द्वारा बीच रास्ते में योजनाओं का लाभ हड़प लिया जाता है। कागजों पर योजनाएं बन जाती हैं, वितरण हो जाता है। आम आदमी तक लाभ नहीं पहुंच पाता है। जिसके कारण अब लोगों में गुस्सा देखने को मिलने लगा है। जीएसटी के माध्यम से जो टैक्स की वसूली हो रही है। अब उसका जश्न भी हर माह मनाया जा रहा है। इसकी भी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया गरीबों के बीच होने लगी है। क्योंकि गरीबों को पहली बार पता लगा है कि वह भी टैक्स देते हैं। जश्न मनाना मतलब गरीबों के जख्म पर नमक छिड़कने जैसा है। इसके पहले यह माना जाता था कि गरीबों पर कोई टैक्स नहीं लगता।

### टैक्स का जश्न

केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा हर माह की 1 तारीख को जीएसटी के माध्यम से वसूल किए गए टेक्स का जश्न मनाने की परंपरा शुरू हो गई है। जीएसटी जब लागू हुआ था। उस समय इसके दायरे में बहुत कम गुडस और बहुत कम सेवाएं थी। पिछले 5 वर्षों में निरंतर गुड्स और सेवाओं के दायरें को बढ़ाते हुए अब इस स्थिति में पहुंच गए हैं। कि अब इसमें जोड़ने के लिए सरकार के पास आइटम ही नहीं बचे। वर्तमान में गरीब एवं मध्यम वर्ग अपनी लाचारी बदहाली से परेशान है। सरकार के जश्न मनाने से आम जनता की नाराजी दिख रही है। महंगाई, बेरोजगारी एवं कर्ज की मार से गरीब परेशान हैं। इस कठिन समय में सरकारें संवेदनशीलता का परिचय भी नहीं दे रही हैं। उल्टे गरीबों पर लगातार बोझ बढ़ाती जा रही हैं। केंद्र-राज्य सरकारें, पुलिस स्थानीय संस्थाओं द्वारा लगातार शुल्क एवं टैक्सों में वृद्धि करके वसूली का जो दबाव गरीबों पर बना रही है।

## सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं।

## धनखड़ उपराष्ट्रपति : सरकार और विपक्ष के बीच टकराव?

सनत कुमार जैन

भारतीय जनता पार्टी ने उपराष्ट्रपति पद के लिए, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ का चयन किया है। भारतीय जनता पार्टी की संसदीय दल की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया है। निश्चित रूप से यह निर्णय, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति और इच्छा को ध्यान मैं रखते हुए संसदीय बोर्ड ने उपरोक्त निर्णय लिया है। जैसे ही उपराष्ट्रपति पद के लिए धनखड़ के नाम की घोषणा हुई। उसके बाद देशभर में इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं। राज्यसभा की कार्यवाही के संचालन और निर्णय लेने की समस्त शक्तियां सभापति में निहित होती हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जगदीप धनखड़ के नाम पर विपक्षी दलों को भरोसे में नहीं लिया, और एक तरफा उनके नाम की घोषणा कर दी। बहुमत के आधार पर उपराष्ट्रपति पद के लिए धनखड का चयन कर लिया है।

पिछले 3 वर्षों के कार्यकाल के देशभर में सबसे चर्चित राज्यपाल के रूप में जगदीप धनखड़ की पहचान बनी है। राज्यपाल के रूप में पश्चिम बंगाल में उन्होंने मंत्रिमंडल और मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर काम करने के स्थान पर, अपने स्वयं के विवेक से पश्चिम बंगाल सरकार के निर्णयों को समय-समय पर बदलने या उनका क्रियान्वय नही होने देने दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तेवरों को ढीला करके राज्यपाल के रूप में उन्होंने वही किया, जो वह करना चाहते थे। जिसके कारण राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच लगातार टकराव बना रहा। राज्यपाल के रूप में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों को सीधा निर्देश देने, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने, निर्देश देने के कारण 2019 से अभी तक पश्चिम बंगाल सरकार के साथ उनका टकराव बना हुआ है।

राजस्थान मूल के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। जगदीप धनखड़ भी राजस्थान के किशनगढ़ से आते हैं। संसद के दोनों सदनों में राजस्थान मूल के ही दो नेताओं के सभापति बनने से एक बडा असंतुलन भी बन रहा है। जगदीप धनखड़ ने पिछले 3 वर्षों में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में जिस तरह पश्चिम बंगाल सरकार को घेरकर, भाजपा के लिए अनुकूलता तैयार करने का काम किया है। निश्चित रूप से वह भाजपा नेतृत्व के लिए सबसे अनुकूल राज्यपाल साबित हुए हैं। संसद में जिस तरह से सरकार और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ रहा है। उसको देखते हुए उच्च सदन में विपक्षियों को पूरी दबंगता के साथ नियंत्रित करने तथा समय आने पर कठोर कार्यवाही करने में संकोच नहीं करने वाले, सभापति के रूप में जगदीप धनखड़ से उपयुक्त व्यक्ति और कोई नहीं हो सकता था। बहुमत के बल पर उपराष्ट्रपति के पद पर निर्वाचित होने के बाद, उच्च सदन में विपक्षियों को नियंत्रित करने का काम वह अच्छी तरीके से कर पाएंगे। सरकार के कामकाज को बिना किसी बाधा के पूरा कराने में भी उन्हें कोई संकोच नहीं होगा। पश्चिम बंगाल के पिछले 3 साल के कार्यकाल से स्पष्ट है। जगदीप धनखड़ पेशे से वकील है। वकील से राजनेता बने धनखड़ का राजनीतिक सफर जनता दल से 1989 में शुरू हुआ था। 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार में वह संसदीय राज्यमंत्री बने। 1991 में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता लेकर अजमेर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा, किंतु वह चुनाव हार गए। 2003 में वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाकर भेजा था। अति महत्वकांक्षी, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए,किसी भी हद तक जाकर कार्य करना, उनके स्वभाव में है। राज्यपाल के रूप में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का रसूख घटाने और भाजपा का रसूख बढ़ाने के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किए। पिछले 3 वर्षों के कार्यकाल को देखते प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च सदन को नियंत्रित करने के लिए कठोर प्रशासक के रूप में श्री धनखड़ का चयन किया गया है। विपक्षी दलों में इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। विपक्ष के एकजुट ना होने का लाभ सरकार को मिल रहा है। राष्ट्रपति पद के चुनाव में भी विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पाए। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सांसद ही मतदाता होते हैं। ऐसी स्थिति में जगदीप धनखड़ का उपराष्ट्रपति चुना जाना और राज्यसभा का सभापति बनना तय माना जा रहा है। चर्चाओं के अनुसार सभापति के रूप में उनकी कार्यप्रणाली और निर्णयों को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच टकराव और बढ़ेगा।

# टीवी बहस में माहौल बिगाड़ने की राजनीति

### सूडोकु नवताल- 6136

**** कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

सुरेश हिंदुस्थानी



वर्तमान में देश के समाचार चैनलों पर बहस के कार्यक्रम कुछ ज्यादा ही आने लगे हैं। सही है किसी भी मामले पर बहस होनी भी चाहिए, बहस के बाद ही दूध का दूध और पानी का पानी हो चाहिए, लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसी बहस प्रायोजित ही होती हैं, क्योंकि बहस में जो भी व्यक्ति शामिल होता है, वह सामने वाले की बात सुनता ही नहीं है। सच को सुनने और उसे स्वीकार करने हिम्मत अगर नहीं है तो उस व्यक्ति को बहस में हिस्सा नहीं लेना चाहिए। इन चर्चाओं में जो व्यक्ति चयनित किए जाते हैं, उन्हें देखकर ऐसा ही लगता है कि वे सभी पूर्वाग्रह से ग्रसित ही होते हैं। बहस में शामिल होने वाला हर व्यक्ति अपने कुतर्कों के माध्यम से यही व्यक्त करने का प्रयास करता है कि उससे ज्यादा बुद्धिमान कोई है ही नहीं, जबकि इसे सिद्ध करने के लिए वह अनावश्यक तर्क देता है। कभी-कभी तो इन चर्चाओं के दौरान विवाद भी हो जाते हैं।

अभी कुछ दिनों पूर्व आल्ट न्यूज पर जो बहस हुई उसके परिणाम स्वरूप देश का वातावरण बिगाड़ने का प्रयास किया गया। इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि एक पक्ष अपनी बात पर अडिग था, वह दूसरे की बात सुनना ही नहीं चाहता था। युक्ति संगत और पूरी प्रामाणिकता के साथ बात की जाए, तो चर्चा का सार है। अन्यथा ऐसी चर्चाओं का कोई महत्व ही नहीं है। मेरे विचार से तो टीवी पर चलने वाली इस प्रकार की बहस पर पूरी तरह से विराम लगना चाहिए, क्योंकि जो चैनल देश के सामने वस्तु स्थिति को नहीं रखते, वे कहीं न कहीं देश के साथ खिलवाड़ ही करते हैं। आज कई चैनल भाजपा और मोदी के विरोध में इस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, जैसे इन्होंने इसकी सुपारी ली है। मैं एक बार एनडीटीवी पर एक प्रख्यात एंकर की भाषा सुन रहा था, जिसमें कहा गया था कि जिस प्रकार से शहरों और मौहल्लों के नाम बदले जा रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि सरकार उर्दू के शब्दों को भी निकाल फेंकेगी। यह बात मनगढ़त नहीं तो और क्या है? यहां उर्दू भाषा कैसे आ गई। दूसरी बात यह है कि भाषा को मिक्स करने का जो खेल भारत में चल रहा है, वह भाषा के मूल को समाप्त कर सकता है। हालांकि आज यह वातावरण में समाहित हो गया है। लेकिन चैनल वाले इसमें भी विसंगति तलाश लेते हैं। जो वातवरण बना है, उसे बने रहने दीजिए। इसमें जहर की तलाश मत कीजिए। राजनीतिक चर्चाओं में हम देखते हैं कि जो समस्या स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से बनी हुई है, उसके बारे में विपक्षी दलों के नेता अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए दिखाई देते हैं। समाचार चैनलों पर बहस के दौरान देश हित की बातें तो बेमानी सी लगने लगी हैं। एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए ही पूरी शक्ति लगा देते हैं, जबकि यह बहस का स्वस्थ तरीका नहीं है। बहुत समय पहले जब आसाराम को सजा मिली, तो इसके बारे में समाचार चैनल पर बहस प्रारंभ हुई, होना भी चाहिए, लेकिन कुछ चैनलों पर बहस का मुख्य केन्द्र यही रहा कि हिन्दू धर्म को कैसे बदनाम किया जाए। अन्य धर्मों में इस प्रकार की बुराई को लेकर कभी बहस नहीं कराई जाती, ऐसा क्यों है? जबकि ऐसे व्यक्ति हर जगह मिल जाते हैं। इन चचाओं के बाद विश्लेषण करने पर जो तसवीर सामने आती है, वह भारत के सांस्कृतिक स्वरुप को बिगाड़ने जैसा ही लगता है। वास्तव में देश के सभी नागरिकों को देश भाव का परिचय देते हुए कम से कम देश का स्वरुप अच्छा दिखाई दे, ऐसा प्रयास करना चाहिए। अभी देश में महंगाई को लेकर कांग्रेस देश की वर्तमान सरकार को आड़े हाथ ले रही है, जबकि कांग्रेस यह अच्छी तरह से जानती है कि महंगाई कैसे बढ़ती है और कांग्रेस यह भी जानती है कि घोटाले कैसे होते हैं? वर्तमान में भले ही कांग्रेस अपने आपको पूरी तरह से ईमानदारी कहने का प्रयास करे, लेकिन कांग्रेस की सत्यता पूरा देश जानता है। खैर.. हम बात कर रहे हैं, समाचार चैनलों पर होने वाली बहस का, तो इसके लिए समाचार चैनलों को ऐसे व्यक्ति बुलाना चाहिए, जिनसे देश का युवा वर्ग कुछ सीख सके।

## जगदीप धनखड़: सही पसंद

वेदप्रताप वैदिक

भाजपा सरकार ने राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मु को उम्मीदवार बनाया और अब उप-राष्ट्रपति पद के लिए जगदीप धनकड़ का नाम घोषित हुआ है। दोनों उम्मीदवारों को मंत्री और राज्यपाल रहने का अनुभव है लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि इन दोनों को इन सर्वोच्च पदों के लिए चुनते हुए भाजपा नेताओं ने किस बात का ध्यान रखा है? वह बात है वंचितों के सम्मान और वोट बैंक की! एक उम्मीदवार देश के समस्त आदिवासियों को भाजपा से जोड़ेगा और दूसरा समस्त पिछड़ों को! यह देश के आदिवासियों और पिछड़ी जातियों में यह भाव भी भरेगा कि वे लोग चाहे सदियों से दबे-पिसे रहे लेकिन यदि उनके दो व्यक्ति भारत के सर्वोच्च पदों पर पहुंच सकते हैं तो वे भी जीवन में आगे क्यों नहीं बढ़ सकते? किसान-पुत्र धनकड़ के उप-राष्ट्रपति बनने की घटना देश के किसानों में नई उमंग जगाए बिना नहीं रहेगी। इसके अलावा पं. बंगाल, झारखंड और उड़ीसा के आदिवासियों को भाजपा की तरफ खींचने में और ममता बनर्जी के वोट बैंक में सेंध लगाने में ये दोनों पद कोई न कोई भूमिका जरुर निभाएंगे। जगदीप धनकड़ की उपस्थिति का लाभ भाजपा को राजस्थान, उत्तरप्रदेश और हरयाणा में भी मिलेगा। धनकड़ उपराष्ट्रपति के रूप में राज्यसभा के अध्यक्ष होंगे। यह शायद पहला संयोग होगा कि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा के अध्यक्ष धनकड़ एक ही राज्य राजस्थान के होंगे। यह तथ्य राजस्थान की कांग्रेस सरकार के लिए चुनौती भी बन सकता है। धनकड़ को विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री रहने का अनुभव भी है। वे जनता पार्टी और कांग्रेस में भी रह चुके है। उन्हें उप-राष्ट्रपति पद पर भाजपा बिठा रही है, इससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा अपने दरवाजे बड़े कर रही है। वे यदि अपनी विनम्रता के लिए जाने जाते हैं तो उनकी स्पष्टवादिता भी सर्वज्ञात है। उनके जितने दो-टूक राज्यपाल देश में कितने हुए हैं? पं. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जितनी खुली खिंचाई धनकड़ ने की है, क्या कोई अन्य राज्यपाल किसी मुख्यमंत्री की कर पाया है? इसीलिए उन्हें 'जनता का राज्यपाल' कहा जाता है। पिछले साल जब जगदीपजी ने मेरे खातिर अपने राजभवन में प्रीति-भोज आयोजित किया तो मैंने अपने कोलकाता के सभी खास मित्रों को आमंत्रित किया। उसमें भाजपाइयों और संघियों के अलावा कांग्रेसी, ममता के तृणमूली और कुछ पत्रकार भी थे।

# जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्राल्य भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम जनशिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वचछता पखवाडे के तहत सोमवार को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के बार्ड क्रमांक 1 अटेर रोड रानी का ताल पर किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में योगेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, उनके साथ ही बार्ड क्रमांक 1 से पूर्व पार्षद राजू खेरी, समाजसेवी उमेश सिहं भदौरिया, धर्मेन्द्र शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राममोहन सिंह जादौन, शिक्षक श्रीकृष्ण शर्मा, उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनशिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार दुबे द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्राल्य द्वारा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाडे की जानकारी दी व मुख्य अतिथि से व्यक्तिगत स्वच्छता व साफ-सफाई विषय पर प्रकाश डाल्ने का निवेदन किया गया।

मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने सभी लोगों से कहा कि स्वच्छता का पहला कदम है कि हम स्वयं को स्वच्छ रखे इसके लिये हमें समय-समय पर अपने हाथ साबुन से धोना चाहिये, सेनेटाइजर का उपयोग करना चाहिये व हमें नियमित स्नान करना चाहिये। उन्होंने बताया कि हमें अपने घर, आसपास व कार्यस्थल विद्यालय आदि स्थानो पर भी स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिये, क्योंकि स्वच्छता से ही बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त होता है। शिक्षक राममोहन सिहं जादौन ने सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वच्छता अपना कर हम वैक्टेरिया को पनपने से रोक सकते है व कोरोना जैसी बीमारी को भगा सकते है। कार्यक्रम के अन्त में जनशिक्षण संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा द्वारा सभी उपस्थित लोगो का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे व मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, लेखपाल अमित शर्मा, लिपिक अजय सिहं कुशवाह, कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, रविन्द्र शर्मा, सोनू शर्मा, धर्मेन्द्र, मदनगोपाल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद पर युवक को लाठियों से पीटा

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत छोंदा स्थित आवास कॉलोनी में मामूली विवाद पर 3 लोगों ने एक युवक की लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम सिंह कुशवाह का अपने पड़ोसी रामबरन कुशवाह से किसी बात को लेकर मुंहबाद हो गया और इसी बात पर रंजिश रखते हुए सोमवार की दोपहर आरोपी रामबरन, सूरज एवं जीतू ने घेरकर गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसे लहूलुहान कर दिया। घायल प्रेम सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरियादी तुलसी पत्नी प्रेम सिंह की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।



## बाढ़ में बहा सुखतवा पुल का एप्रोच रोड

**भोपाल।** रविवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर सुखतवा नदी पर बना पुल का एप्रोच रोड बह गया। सुबह हुए हादसे के बाद हाइवे पर दोनों तरफ यातायात बाधित हो गया है। बता दें कि विगत 10 अप्रैल को भारी ट्राले के गुजरने की वजह से 100 साल से भी ज्यादा पुल हादसे के बाद एनएचएआइ ने ढाई करोड़ रूपए की लागत से यह वैकल्पिक पुल तैयार किया था। हादसे के कारण नागपुर-भोपाल का संपर्क टूट गया है। पुल पर भारी पानी है, इसलिए फिलहाल पुल का मेंटनेंस करना मुश्किल है। केसला थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के अनुसार सोमवार सुबह 5 से 6 बजे के बीच सुखतवा पर बनाए गए अस्थाई पुल का एप्रोच रोड बह गया था, हादसे की जानकारी लगने के बाद पुलिस बल तैनात किया गया है। ब्रिटिश हुकूमत के समय बनाए गए सुखतवा के पुल से 139 चक्के वाले ट्राला के भार से 10 अप्रैल को पुल टूट गया था। अस्थायी पुल के टूटने के कारण हाइवे थम गया है। इसके कारण फिर भोपाल-नागपुर मार्ग बंद हो गया है। इस मार्ग पर भारी ट्रैफिक रहता है। इधर तवा के केचमेंट एरिया में हो रही भारी बारिश के कारण तवा बांध के सभी 13 गेट सुबह 5 बजे 10-10 फीट खोल दिए गए हैं। रात 1 बजे 5 गेट 5-5 फीट खोलकर पानी छोड़ा गया था। इसके बाद सुबह 7 बजे 7 गेट 10 फीट खोले गए। इनफ्लो बढने् के बाद सुबह 8 बजे सभी 13 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, अब यह पानी नर्मदा नदी के जलस्तर में इजाफा करेगा।

# दोस्त का मोबाइल लेकर युवक ने खाते से कर डाली 60 हजार रुपए की शॉपिंग

**मुरैना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टोल कर्मचारी के पुत्र से उसके दोस्त ने मोबाइल ले लिया और टोल कर्मचारी के खाते से तीन चार किस्तों में 60 हजार रुपए की शॉपिंग कर डाली। जब टोल कर्मचारी कैंटीन पर सामान लेने गया, तब उसे ऑनलाइन ठगी का पता चला। पीड़ित ने सिटी कोतवाली में साइबर सेल को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबरन यादव पुत्र राम सिंह यादव निवासी शुक्ला कॉलोनी मुरैना का पुत्र रोहित यादव जून माह में अपने पिता का मोबाइल लेकर अपने दोस्त अभिषेक दंडोतिया पास चला गया और अभिषेक ने मोबाइल ले लिया। रोहित को पता भी नहीं चला और अभिषेक ने मोबाइल में रखी एटीएम कार्ड से नंबर पता कर ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। पीड़ित रामबरन ने बताया कि अभिषेक के द्वारा 20 जून 24 जून के अलावा कुछ अन्य दिनों में भी शॉपिंग की है और लगभग 60 हजार रुपए की ठगी कर डाली। पीड़ित रामबरन 27-28 जून को जब कैंटीन पर सामान लेने गया, तब उसे पता चला की खाते मैं रुपए कम हो गए। उसने बैंक पहुंचकर स्टेटमेंट निकलवाया, तब ऑनलाइन ठगी का पता चला।



## रास्ते के विवाद को लेकर दो परिवारों में हुआ झगड़ा, वृद्ध दंपत्ति घायल



**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम चेंटा मैं रास्ता निकलने के विवाद पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर वृद्ध दंपत्ति को घायल कर दिया, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार मुरैना जिले के दिमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चेंटा गाँव निवासी 60 वर्षीय सूबेलाल माहौर सोमवार की सुबह अपनी 55 वर्षीय पत्नी के साथ खेत पर गए हुए थे। जब वापस घर लौट रहे थे, उसी दौरान सूबेलाल के भतीजे दाताराम के घर के सामने से उनका गुजरना हुआ, तभी दाताराम नें उनको रोका और कहा की इस रास्ते से ना निकला करो। वृद्ध दंपत्ति ने कहा ये आम रास्ता है, रोकने वाले तुम कौन होते हो। इसी बात को लेकर दाताराम, लडका करुआ उर्फ अवधेश और लक्ष्मी नारायण नें गाली गलौच देना शुरू कर दिया, जब गाली देने से मना किया तो तीनों नें वृद्ध दंपति पर सरिया और फरसा से हमला कर दिया। जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। पता चलते ही परिजन घायल दंपत्ति को जिला अस्पताल लेकर आये व इमरजेंसी में घायलों को इलाज किया गया और घायल पति पत्नी को सर्जीकल वार्ड में भर्ती कर दिया, जहाँ दोनों का इलाज किया जा रहा है।

# अग्रबंधुओं ने हमेशा मुझे अपना भाई समझा है, मैं उनका आभारी हूँः राजोरिया

### -अपने चहेते को जिताने के लिए समाज को भूलकर मतदाताओं पर बनाते हैं दबाव

**मुरैना।** पिछले 40 बर्षो से जीवाजी गंज का निवासी हूँ,अग्र बंधुओं ने मुझे कितना मान सम्मान और प्यार दिया है, ये शब्दों में व्यक्त नही कर सकता। मेरा परिवार हमेशा कृतज्ञ और आभारी रहेगा। मुझे एक दैनिक अखबार से ज्ञात हुआ कि मेरे कांग्रेस में आने से अग्रबन्धु नाराज हैं और तथाकथित सरंक्षक द्वारा मेरा भविष्य में विरोध किया जाएगा। मेरा उनसे कहना है कि इस बात का पता 20 जुलाई को आने वाले महापौर के नतीजे में मिल जाएगा कि व्यापारी नाराज है या कांग्रेस के साथ है। श्री गर्ग 2013 के सहयोग की बात कर रहे हैं, तो उससे पहले 2004, 2009, 2014 में रमेश गर्ग के प्रत्याशियों का सहयोग कर चुका हूँ। इस बार मैंने कांग्रेस के लिए वोट मांगा है, ज्यादातर मैंने महापौर कांग्रेस प्रत्याशी शारदा सोलंकी को जिताने के लिए



अपने समर्थकों से अपील की है। इतना वक्त नहीं मिला कि वार्ड में किसी के लिए विशेष हस्तक्षेप कर सकूं। आप किसी महासभा का खुद को संरक्षक कैसे कह सकते हैं, जब आप अपने करीबी के पक्ष में मतदान के लिए अपने समाज को भूल जाते हैं, भय और दबाब का माहौल बनाते हैं। इस बार बूथ पर कोई झगड़ा नहीं हुआ, केवल भाजपा प्रत्याशी का फर्जी मतदान वार्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रोका गया, लेकिन इस बार भाजपा की नीतियों से तंग आकर व्यापारी बंधुओं ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है, जिसका परिणाम आपको 20 जुलाई को नतीजों में पता चल जाएगा। गौरतलब है कि बिगत 2020 के उपचुनाव में भी गर्ग ने खुले तौर पर भाजपा का समर्थन किया, तब भी वार्ड 16 से श्री राजोरिया के भाजपा से 800 वोट ज्यादा आये थे, इसी बात की टीस श्री गर्ग को है। इन संरक्षक महोदय को भ्रम है कि जनता उनके आदेश पर किसी को भी वोट कर देती है। जनता सदैव सच्चे व ईमानदार व्यक्ति का साथ देती है और सदैव देती रहेगी। गौरतलब बात यह है कि अग्रवाल महासभा के संरक्षक द्वारा कभी भी समाज के गरीब तबके का सहयोग नहीं किया गया, केवल अपने चहेतों को लाभ पहुंचाया गया है। जब तथाकथित संरक्षक के चहेते का चौतरफा विरोध हो रहा है और उसको वार्ड की जनता पसंद नहीं कर रही है, फिर भी तथाकथित संरक्षक जबरन ऐसे व्यक्ति को वार्ड की जनता पर थोपना चाहते हैं। इस छोटे से चुनाव को तथाकथित संरक्षक ने हाई प्रोफाइल बना डाला और मतदान से कुछ दिन पूर्व शहर भर के व्यापारियों एवं अग्र बंधुओं को फतवा जारी कर एकत्रित किया गया और उन्हें ना चाहते हुए भी जबरन अपने चहेते का साथ देने को कहा गया।

# बीएसी फखरुद्दीन का सम्मान समारोह आयोजित



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत कार्यरत बीएसी फखरुद्दीन खान का विगत दिवस बीएड के लिए चयन होने पर जनपद केंद्र के समस्त कार्यालयीन स्टाफ द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह कार्यालय में आयोजित किया, जिसमें बीआरसीसी द्वारा समस्त स्टाफ की ओर से फखरुद्दीन खॉन का शॉल एवं श्रीफल तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि फखरुद्दीन खान का कार्यकाल बीएसी के रूप में अत्यधिक सराहनीय रहा है। इस पद पर आपने 10 वर्षों तक कार्य किया है, इनका कार्य एवं व्यवहार सराहनीय रहा है। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन बीएसी केशव शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बीएसी श्रीनिवास बघेल, उपयंत्री वीके शर्मा, जन शिक्षक बृज मोहन उपाध्याय, शिवचरण धाकड़, ज्ञान सिंह धाकड़, प्रमोद शर्मा, अखिलेश शर्मा, लाखन सिंह धाकड़, रामअवतार रजक सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा।

# श्रावण मास के पहले सोमवार को शिवालयों श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाव

**मुरैना।** श्रावण मास के पहले सोमवार से ही भगवान शिव के मंदिरों में वेल पत्र चढ़ाकर भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। श्रावण मास के पहले सोमवार के अवसर पर भक्तों द्वारा शिव मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है। शहर सहित अंचल के ग्रामीण शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के मंदिरों में पहुंचकर बेल पत्र फूल, रोरी चावल आदि लगाकर भोले बाबा की पूजा करते हैं। श्रद्धालू बम-बम भोले और ओम नमः शिवायः की गूंज शिवालयों में सुनाई दे रही है। वैसे तो देश भर में साल भर भगवान भोलेनाथ की पूजा की जाती है। लेकिन श्रावण माह अपना विशेष महत्व रखता है। खासतौर पर महिलाएं श्रावण मास



में विशेष पूजा अर्चना और व्रत उपवास रखकर पति की लम्बी आयु की कामना भोलेनाथ से करती हैं। विशेषकर सोलह सोमवार को व्रत श्रेष्ठ व्रत माना जाता है। उक्त व्रत को वैशाख श्रावण एवं कार्तिक माह में किसी भी सोमवार को प्रारंभ किया जाता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार श्रावण मास में शिव जी को वेल पत्र चढ़ाने से तीन जन्मों के पापों का नाश होता है। शिव जी को कच्चा दूध, सफेद फल, भस्म, भांग धतूरा, श्वेत वस्त्र अधिक प्रिय होने के कारण यह सभी चीजें खासतौर पर अर्पित की जाती हैं इसके साथ ही श्रावण मास में शिव पुराण, शिव चालीसा, अमृत शिव कवच, शिव पंचाहयात्म मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का पाठ एवं मंत्र का जाप करने से मनुष्य से सारे पापों का नाश होता है। आज श्रावण मास का प्रथम सोमवार होने के कारण कई मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है। भक्तगण दूर दराज में फैले पहाड़गढ़ अंचल के ईश्वरा महादेव मंदिर के भी दर्शन करने पहुंचते हैं। साथ ही प्राचीन मन कामेश्वर मंदिर अलापुर जौरा एवं ककनमठ मंदिर में, गैपरा स्थित शिव मंदिर पर भी पूजन अर्चन करने व वेलपत्र अर्पित करने आज पहुंच रहे हैं। मुरैना जिले में कैलारस स्थित पहाड़ों के ऊपर अलोपी शंकर मंदिर पर भी आज भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

# क्राईम ब्रांच एवं थाना मुरार पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

## ग्वाईलियर पुलिस ने चैन लूट करने वाले दो शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

### लूटी गई सोने की चैन व घटना में प्रयुक्तट अपाचे बाइक की बरामद








**ग्वा लियर।** ग्वा लियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वारलियर श्री अमित सांघी,भापुसेके निर्देश पर लुटेरों व चोरों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 18.07.2022 को पुलिस अधीक्षक ग्वाालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्तर हुई कि थाना मुरार क्षेत्रांर्तगत 06 नंबर चौराहे के पास हुई चैन लूट की बारदात को अंजाम देने वाले लुटेरों को बड़ागांव पुल के पास देखा गया है। उक्ती सूचना पर से पुलिस अधीक्षक द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश दण्डो?तियाको क्राईम ब्रांच एवं थाना मुरार पुलिस की संयुक्तच टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीलक करते हुए उक्ते लुटेरे को गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ् अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री रत्नेरश तोमर व श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शनमेंक्राईम ब्रांच व थाना मुरार की संयुक्त टीम बनाकर उसे सूचना की तस्दीरक कर कार्यवाही करने हेतु मुखबिर के बताये स्थागन बड़ागांव पुल के नीचे भेजा गया। पुलिस टीम को बड़ागांव हाई-वे पर मुरैना की ओर से एक सफेद रंग की मोटर सायकिल आती दिखाई दी, जिस पर सवार दो व्यटक्तियों ने पुलिस टीम को देख कर मोटर सायकिल सहित भागने का प्रयास किया। जिन्हीं पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यीक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होरने बताया कि उन्होटने दिनांक 12.07.2022 को थाना मुरार क्षेत्रांर्तगत 06 नंबर चौराहे के पास एक व्यनक्ति से सोने की चैन लूट की थी, इसके साथ ही उन्हो2ने थाना गोला का मंदिर क्षेत्रस्थित इंद्रमणी नगर रोड़ पर एक व्यक्ति से 45 हजार रूपये कीमत की सोने की चैन लूटना भी स्वी कार किया। पुलिस टीम द्वारा लूटी गयी चैनों के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होकने बताया कि 06 नंबर चौराहे से लूटी गई सोने की चैन उनके घर पर रखी हुई है तथा इंद्रमणी नगर से लूटी गई चैन हम जूए में हार गये है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लूटेरों की निशादेही पर लूटी गई सोने की चैन को उसके घर से बरामद कर लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्तप लुटेरों के पास से 01 सोने की चैन कीमती 45 हजार रूपये व सफेद अपाचे मोटर सायकिलको विधिवत जप्तक किया गया। पुलिस टीम द्वारा थाना मुरार एवं गोला का मंदिर क्षेत्र में हुई लूट की बारदातों का खुलासा करते हुए उक्तत लुटेरों को थाना मुरार के अप0क्र0 623/22 धारा 393 भादवि, 11,13 एमपीडीपीके एक्टत में गिरफ्तार किया जाकर उनसे जिले में हुई अन्या चैन स्नेरचिंग की वारदात के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये लुटेरों से अन्यी लूट की बारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

ज्ञात हो कि दिनांक 12.07.2022 को फरियादी द्वारा थाना मुरार आकर रिपोर्ट कि गई थी कि 06 नंबर चौराहे के पास दो अज्ञात बदमाशों उसकी सोने की चैन लूट कर मोटर सायकिल पर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मुरार पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप0क्र0 623/22 धारा 393 भादवि, 11,13 एमपीडीपीके एक्टम का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया था। दिनांक 12.07.2022 को ही एक अन्यि फरियादी द्वारा थाना गोला का मंदिर आकर रिपोर्ट कि गई थी कि इंद्रमणी नगर रोड़ पर दो अज्ञात बदमाशों उसकी 45 हजार रूपये कीमत की सोने की चैन लूट कर मोटर सायकिल पर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मुरार पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप0क्र0 433/22 धारा 392 भादवि, 11,13 एमपीडीपीके एक्टय का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया जाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

### बरामद मशरूका: 01 सोने की चैन कीमती 45हजार रूपये, सफेद अपाचे मोटर सायकिल

सराहनीय भूमिका -उक्तस लूट की बारदात को अंजाम देने वाले लुटेरों थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 डॉ. संतोष यादव, थाना प्रभारी मुरार निरी0 शैलेन्द्रब भार्गव, क्राईम ब्रांच टीम से-उनि0 राहुल अरिवार, मनोज परमार, रजनी रघुवंशी, सउनि0 राजीव सोलंकी, म0प्रआर0 अर्चना कंसाना, प्रआर0 मनीष चौहान, आर0 प्रमोद शर्मा, प्रदीप यादव, रूपेश शर्मा, आशीष शर्मा, गौरव आर्य, अरूण पवैया, राघवेन्द्रर तोमर, मनोजभारद्वाज, संतोष वर्मा, अशीष शर्मा, हेमंत चौहान, जैनेन्द्र गुर्जर, कपिल पाठक, थाना गोला का मंदिर से-आर0 भानु सिकरवार, सतेन्द्र राजावत, थाना मुरार की टीम से- उनि0 के0के0 पाराशर, आर0 पंकज तोमर, नीरज यादव, दिनेश राजावत, योगेन्द्रम सिकरवार, योगेन्द्रे गुर्जरकी सराहनीय भूमिका रही।

# आम रास्ता को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष,एक पक्ष की ब्रद्ध महिला सहित चार लोग गंभीर घायल,दतिया रेफर।

**विवेक सेन पुष्पांजली टुडे**



**इंदरगढ़** -- गोदन थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर में आम रास्ता को लेकर चले लाठी डंडे और लुहागी। ब्रद्ध महिला सहित चार लोग गंभीर घायल,प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबिहारी पुत्र हरनारायण श्रीवास्तव उम्र 48 वर्ष निवासी काशीपुर अपने घर जा रहा था,तभी गाव के ही सुरेश यादव,मलखान यादव,रामराजा यादव, देवेन्द्र,राजकुमार यादव और दो अन्य ने रास्ता रोककर मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगे,जब रामबिहारी ने इसका विरोध किया तो,सभी ने लाठी,डंडों और लूहागी से मुझ पर हमला कर दिया,जब मेरी मा पुक्खन देवी उम्र 70, भाई रविन्द्र उम्र 38 और भतीजे आकाश उम्र 23 व विकाश उम्र 20 वर्ष मुझे वचाने आए तो,सुरेश यादव के साथ सभी ने उन पर भी लाठी लुहांगी से हमला कर दिया,जिससे हम सभी गंभीर घायल हो गए,इस घटना की फोन द्वारा डायल हंड्रेड को सूचना दी गई,हंड्रेड डायल ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को थाना गोदन ले गई,फरियादी रामबिहारी श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर थाना गोदन में आरोपी सुरेश यादव,के साथ चारो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है,और सभी घायलों को मेडिकल के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है,जहा घायलों की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर किया, थाना प्रभारी सोबरन सिंह तोमर ने कहा है कि, मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ ओर अन्य धाराओं का इजाफा भी किया जाएगा।सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

# साइंस कॉलेज शिवपुरी पर होने वाली मतगणना वाले दिन आम लोगों के लिए कुछ रास्ते रहेंगे बंद

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-20-07-2022 को साइंस कॉलेज शिवपुरी में होने वाली मतगणना को लेकर जिलाधीश महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा साइंस कॉलेज जाकर व्यवस्थाएं देखी गई। पार्किंग एवं रूट व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा मतगणना के समय पर कोई भी आम नागरिक को परेशानी न हो सजे लिए नए पार्किंग स्थल ओर आम रास्ता को मतगणना बाले दिन बदल कर दूसरे ओर से बदले गए है इस प्रकार रहेगी आम रास्तो की व्यवस्था फिजिकल तिराहा से साइंस कॉलेज, करौंदी संबेल से साइंस कॉलेज, खिन्नी नाका से साइंस कॉलेज, दो बत्ती से फिजिकल तिराहा वाले सभी रूट आम जनता के लिए बंद रहेंगे। स्कूल बस एवं एंबुलेंस के लिए यह रास्ते खुले रहेंगे। मतगणना में लगे सभी अधिकारी,कर्मचारी साइंस कॉलेज (शिव मंदिर) से प्रवेश कर 1 नंबर गेट से साइंस कॉलेज में प्रवेश कर सकेंगे।मतगणना में आने वाले प्रत्याशियों एवं पत्रकार बंधुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था साइंस कॉलेज ग्राउंड में रखी गई है। सभी प्रत्याशी एवं पत्रकार बंधु खिन्नी नाका होते हुए 4 नंबर गेट से साइंस कॉलेज ग्राउंड में प्रवेश करेंगे।आम जनता जो प्रत्याशी समर्थक होंगे उनके वाहनों को एंट्री नहीं दी जाएगी। वे दो बत्ती से पैदल फिजिकल रोड पर एकत्रित हो सकते हैं वहां पर अनाउंसमेंट की व्यवस्था की जावेगी।

# नव निर्वाचित महापौर डॉ. श्रीमती षोभा सतीष सिकरवार ने मतदाताओं का आभार जताया



**ग्वालियर।** नगर पालिक निगम की नवनिर्वाचित महापौर डॉ. श्रीमती षोभा सतीष सिकरवार ने अपने निर्वाचित होने पर षहरवासियों, मतदाताओं, कॉग्रेसजनों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों तथा मीडिया के मिले सहयोग के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हूये कहा कि आप सब ने मुझे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जो सहयोग प्रदान किया है उसके लिये में आप सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूॅ। उन्होने कहा कि मेरा पूरा प्रयास होगा कि में आप सबके विष्वास पर खरा उतरने के लिये षहर के विकास व प्रगति और आमजन की भलाई के कार्य करती रहॅूगी। में अपेक्षा करती हॅू कि आप सबका इसी तरह मुझे सहयोग और आर्षीवाद मिलता रहेगा।

# ड्रोन तकनीक से किसानों को मिलेगा लाभ: कलेक्टर

### कृषि विज्ञान केंद्र में ड्रोन से छिड़काव का प्रदर्शन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** कृषि से लाभ प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तकनीकों को कृषि के क्षेत्र में अपनाया जा रहा है। ड्रोन तकनीक से भी किसानों को कृषि क्षेत्र में लाभ मिलेगा इसलिए अभी ड्रोन तकनीक का परीक्षण कृषि क्षेत्र में शुरू किया गया है। सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने बटन दबाकर ड्रोन से छिड़काव शुरू किया और वहां उपस्थित कृषि विभाग के उपसंचालक, पशुपालन विभाग के उपसंचालक और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक भार्गव से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को ड्रोन तकनीक के बारे में जानकारी दी जाए। विशेषकर जो बड़े किसान हैं उनके लिए यह लाभकारी साबित हो सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र में मौजूद किसानों से भी इस बारे में उन्होंने चर्चा की। ड्रोन के माध्यम से खेत में बीज डाले जा सकते हैं इससे कम समय में बड़े एरिया को कवर किया जा सकता है। इससे किसानों को लाभ भी मिलेगा। अब धीरे-धीरे कृषि के क्षेत्र में यह तकनीक शुरू हो गई है। कृषि विज्ञान केंद्र में इसका परीक्षण किया गया। दिल्ली की टीम को इसका काम दिया गया है। सोमवार को यह टीम जिले में आयी और उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचकर यह परीक्षण किया।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, एडीएम नीतू माथुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वहां मौजूद रहे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी देखें कि उनके विभाग में किस प्रकार इस तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभी सहजन के बीज तैयार किए जाएंगे। उन्हें ड्रोन के माध्यम से खेतों में डाला जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विभाग के अधिकारी भी किसानों को जानकारी दें जिससे वह किसान इसका उपयोग कर सकें। विशेषकर कीटनाशक दवाओं के छिड़काव में यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

# भोपाल में आयोजित यूथ महापंचायत के लिए जिला स्तर पर हुआ युवाओं का चयन

### समूह चर्चा से आत्म विश्वास बढ़ता है ,यह व्यक्तिव विकास में सहायक है - डिप्टी कलेक्टर पराग जैन।

### युवा हमारे राष्ट्र के भविष्य के कर्णधार हैं - प्राचार्य बृजबाला राय।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




मध्यप्रदेश की माटी के वीर सपूत महान क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद की 116वीं जयंती के अवसर पर 23 और 24 जुलाई को भोपाल में आयोजित यूथ महा पंचायत में युवाओं की भागीदारी व विमर्श हेतु जिले के अग्रणी महाविद्यालय एमजेएस,भिंड में जिला स्तर पर युवाओं का चयन किया गया। जिले के 5 स्क्रीनिंग केंद्रों से चयनित युवाओं का सर्व प्रथम पंजीयन कर उन्हे चेस्ट नंबर प्रदान किए गए,उसके बाद रैंडमाइज करके 15- 15 युवाओं के चार समूह बनाए गए।प्रत्येक समूह को निर्णायक दल द्वारा एलॉट किए गए विषय पर प्रत्येक प्रतिभागी ने बारी बारी से विचार रखे उसके बाद समूह चर्चा हुई ।प्रत्येक समूह से 2 से 3 व्यक्तियों को चुनकर बाद में उन चयनित प्रतिभागियों के बीच फाइनल राउंड आयोजित किया गया।इसके बाद अलॉट किए गए विषय पर अंतिम चयन किया गया।ये चयनित युवा 23 और 24 को भोपाल की यूथ महा पंचायत में अपने जिले के युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे।समूह वार आबंटित विषय लोकतंत्र में युवाओं की निर्णायक भागीदारी,समाज निर्माण में अग्रसर युवा,खेलो में एम पी के लिए अपार संभावनाएं,उद्यमिता व स्वरोजगार में बढ़ते अवसर, मेरा एमपी मेरा गौरव और पर्यावरण के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी पर प्रतिभागी के मापदंड दक्षता,विषय का ज्ञान,विचारो की स्पष्टता,आचरण,विपक्ष के मतों के प्रति धैर्यता और काउंटर प्वाइंट रखने की क्षमता इन छह बिंदुओं के प्राप्तांकों के आधार पर उत्कृष्ट युवाओं का चयन किया गया।

चयन समिति सदस्य डॉ सुनील त्रिपाठी निराला कवि,अतुलकांत शर्मा समाजसेवी,शिव प्रताप सिंह भदौरिया जिला समन्वयक जन अभियान परिषद,आशुतोष साहू जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र,संजय सिंह जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवम युवा कल्याण विभाग द्वारा चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर पराग जैन उपस्थित रहे।प्राचार्य डॉ बृजवाला राय,प्रोफेसर अनूप श्रीवास्तव,जिला नोडल अधिकारी प्रोफेसर हरिशंकर कंसाना मंचासीन रहे।सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्रोफेसर सुनील त्रिपाठी, अभिषेक यादव,प्रदीप भदौरिया, देवेन्द्र तोमर, के के रायपुरिया,ममता भदौरिया,सुधा नरवरिया,श्याम जी निगम, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर, प्रोफेसर गिरिजा नरवरिया सहित 59 प्रतिभागी मौजूद थे। जिला महापंचायत में संजयदत्त शर्मा,अंशिका जैन,अंकित सिंह भदौरिया,अंकित दुबे,पुष्पा यादव,अभिनेंद्र के चयन के साथ ही चार युवाओं आशुतोष शर्मा,राम बहादुर सिंह ,अमन वाजपेई और विष्णु प्रताप सिंह का नाम प्रतीक्षा सूची में रखा गया गया है।आभार वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुनील त्रिपाठी ने और संचालन आशीष जैन ने किया।चयनित प्रतिभागी भोपाल की यूथ महापंचायत में सहभागिता लिए करेंगे।

# अमित गोयल सेठ ने किया आज 18 भी बार बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट 9 महीने की बच्ची के लिए

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी ठ्ठ्द्दश्च के अध्यक्ष अमित गोयल सेठ ने आज 18 भी बार ब्लड डोनेट किया है वंशिका जाटव जो 9 महीने की बच्ची है इसकी बहुत ज्यादा तबियत खराब हो जाने के कारण ब्लड की कमी आ गयी बच्ची का हीमोग्लोबिन 3त्न रह गया था और श्चद्बष्ह्व वार्ड में एडमिड किया गया है डॉक्टर ने इस बच्ची के लिए ब्लड फ्री लिख दिया था पर ब्लड बैंक में ब्लड नही होने के कारण वंशिका जाटव को ब्लड नही मिला जब समिति के अध्यक्ष अमित गोयल सेठ के पास कॉल आया की बच्ची को बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है हम 2 दिन से परेशान है हम को ब्लड नही मिल रहा जब समिति के अध्यक्ष अमित गोयल सेठ ने खुद ही जाकर वंशिका जाटव को बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान आइए आप लोग भी संकल्प लीजिए कि हम लोग भी ब्लड डोनेट करें

## न-टू-वन

### पुलिया के गलत निर्माण से किसान की फसल नष्ट किसान परेशान एसडीएम से लगाई मदद की गुहार

**पिछोर-** भौती थाना अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बामोर डामरोन की रहने वाली छितिया जाटव का कहना है कि मेरे खेत की जमीन जिस पर ग्राम



पंचायत द्वारा 2001 में चेक डैम का निर्माण किया गया था जिससे दोनों तरफ की खेत डूब में आ गए थे जबकि तीसरा खेत डैम के पीछे है फिर ग्राम पंचायत द्वारा 2021 में डैम के पीछे पुलिया का निर्माण किया गया जिसमें जिसमें छतिया जाटव का कहना है की पुलिया के पानी की निकासी का सही इंतजाम नहीं किया गया और पुलिया के पाइप भी कम लगाए गए हैं जिससे पानी का बहाव खेत में ही हो गया जिससे मेरी खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो जाती है और खेत में रेत कंकड़ इकट्ठे हो गए जिससे मुझे खेती करने में परेशानी हो रही है छितियां जाटव का कहना है कि मैंने एसडीएम साहब को आवेदन दिया सीएम हेल्पलाइन पर भी कई बार शिकायत की पर आज तक मेरी सुनवाई नहीं हुई जिस जिससे परेशान होकर आज छितिया जाटव ने मीडिया से मदद की गुहार लगाई

### महेंद्र मुणोत का किया सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे**
**बेंगलूरू –** सोमवार 18 जुलाई कर्नाटका ब्राह्मण युवक संघ आरटी नगर द्वारा लोक कल्याण के लिए महागणपति वेदमाता गायत्री देवस्थान के सभागार में आयोजित गिरिजा कल्याण उत्सव मैं जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व लोकायुक्त संतोष हेगड़े ने दीप प्रज्वलन से किया।

### भक्तिमय माहौल मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरू पूजा महोत्सव 7

**पुष्पाजंली टुडे**
**बेंगलुरू –**सद्गुरु जीवन की नाव के खेवैया होते है जो शिष्य की जीवन नैया को सद्ज्ञान के द्वारा पार लगाते है 7 गुरू अपने अलौकिक ज्ञान से अज्ञान व



अंधकार का नाश करते है 7 उक्त विचार मेडा हल्ली स्थिति श्री हंस सत्संग आश्रम मे आयोजित गुरू पूजा महोत्सव मे महात्मा सौम्यानंद ने व्यक्त किए 7 महात्मा भावनानंदजी ने कहा कि एक सदशिष्य के लिए गुरू पूजा ही सबसे बड़ी पूजा होती है 7 जो जीवन का प्रत्येक कार्य गुरू की आज्ञा मे रहकर करता है वही जीवन मुक्ति प्राप्त करता है 7 महात्मा रंजनानंद ने गुरू को बंदी छोड़ बताया 7 गोविंद ने जीवन मे गुरू के महत्त्व पर प्रकाश डाला 7 थानाराम गहलोत, बसवराज, पुनित, प्रेमा देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए 7 नारायणलाल चोयल, सुमेरसिंह, संतोष , ने भक्ति भजनों की सरिता प्रवाहित की 7 विरमराम सोलंकी, हरीश गहलोत, एच एल शर्मा, नारायणलाल परिहार ने संतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया 7 कार्यक्रम का संचालन प्रेम किशोर बर्फा ने किया 7 उक्त जानकारी श्री हंस सत्संग आश्रम मेडाहल्ली से जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रेमकिशोर बर्फा ने दी 7

### नर्सिंग कालेज की छात्राओं ने उप प्राचार्य के खिलाफ खोला मोर्चा, धरने पर बैठीं

**भोपाल।** सिर्फ मोटी लड़कियों के ही ब्याय फ्रेंड होते हैं, इसलिए अच्छा खाना-पीना खाओ। ब्वाय फ्रेंड से बोलो अच्छे से खिलाए-पिलाए। तुम्हारा ब्वाय फ्रेंड है या नहीं। इस तरह की बातें करने का आरोप जीएमसी के नर्सिंग कालेज की उप प्राचार्य रजनी नायर पर छात्राओं ने लगाए हैं। छात्राओं ने उन्हें हटाने के लिए मोर्चा खोल दिया है। एनएसयूआइ के बैनर तले सोमवार सुबह 10 बजे से अधिष्ठाता कार्यालय के सामने करीब 200 छात्राएं धरने पर बैठ गईं। करीब 130 छात्राओं ने सीएम हेल्पलाइन में भी इस मामले की शिकायत की है। रजनी नायर नर्सिंग कालेज में पहले ट्यूटर थीं। महीने भर पहले उप प्राचार्य सुजाता को हटाकर उन्हें यहां पदस्थ किया गया है। छात्राओं का कहना है कि ट्यूटर के रूप में कक्षाओं में भी वह कई बार व्यक्तिगत बातों को लेकर दिप्पणी करती थीं, लेकिन यह बातें सिर्फ एक कक्षा तक सीमित रहती थीं, इसलिए मामला दबा रह गया। कई बार पढ़ाते समय यह भी बोलती थीं कि ठीक से नहीं पढ़ पा रही हो तो बड़े तालाब में जाकर डूब मरो। उप प्राचार्य बनने के बाद बीएससी नर्सिंग की प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक छात्राओं पर वह इसी तरह की टिप्पणी करने लगीं। शारीरिक बनावट के बारे में कई बार वह टिप्पणी करती हैं। छात्रओं का आरोप है कि वह कई बार जातिगत बातें भी करती हैं। ऐसे में उन्हें हटाना जरूरी है। छात्राओं ने यह बताया कि माता-पिता को बुलाकर वह कहती हैं कि आपकी बेटी यहां पर अय्याशी करने के लिए आई है। इससे माता-पिता भी गुस्सा करते हैं। एनएसयूआई की छात्र इकाई के प्रदेश समन्वयक रवि परमार ने बताया कि लंबे सयम से रजनी नायर छात्रओं से दुर्व्यवहार कर रही हैं, लेकिन डर के चलते छात्राओं ने कहीं शिकायत नहीं की थी। उधर, डीन ने प्रदर्शन कर रही छात्राओं से कहा है कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# स्व दीनदयाल महोबिया एवं स्व मुन्नी बाई महोबिया की पुण्यस्मृति में श्रीमदभगवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिले की लांजी तहसील के वार्ड नंबर 8 में श्रीमती शांती बाई अशोक महोबिया एवं श्रीमती पूर्णिमा नरेश महोबिया के निवास पर बिलासपुर छत्तीसगढ़ के कथावाचक भगवताचार्य पंडित उमाशंकर चतुर्वेदी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन दिनांक 13 जुलाई से शुरू हैं। जिसमें 13 जुलाई को घट स्थापना, 14 जुलाई को शुकदेव जन्म परीक्षित मिलन, 15 जुलाई को सति चरित्र ध्रुव चरित्र, 16 जुलाई को वामन चरित्र,राम चरित्र तथा कृष्ण जन्म, 17 जुलाई को श्रावण मास कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि को भगवान श्री कृष्ण के बाल लीला का वर्णन पंडित उमाशंकर चतुर्वेदी ने अपने मुखारबिंद से किया ।

**भगवान के किरदार में नजर आए ये कलाकार:** भगवान श्रीकृष्ण और माता रुकमणी का विवाह बड़े धूम धाम से मनाया गया । जिसमे श्री कृष्ण जी का किरदार याशी भार्गव एवम माता रुकमणी जी का किरदार परिधी किट्टू महोबिया के द्वारा निभाया गया। वहीं दिनांक 18 जुलाई को सुदामा चरित्र का वर्णन हुआ , जिसमे सुदामा जी का किरदार आनंद महोबिया एवम आकाश महोबिया ने निभाया है। इस रमणीय अवसर पर बड़ी मात्रा में श्रद्धालु मौजूद रहे।





### 21 जुलाई को होगा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन

छत्तीसगढ़ राज्य बिलासपुर जिले के कथावाचक भगवताचार्य पंडित उमाशंकर चतुर्वेदी के द्वारा आज 19 जुलाई को भागवत स्वधाम, परिक्षित मोक्ष, दिनांक 20 जुलाई को विष्णु सहस्त्रनाम, तुलसी वर्षा,पुर्णाहुती, एवं 21 जुलाई को वार्षिक श्राद्ध, पिंडदान तथा महाप्रसाद वितरण होगा।

### नोटा से भी हारी भोपाल की 5 महापौर प्रत्याशी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की नई मेयर मालती राय चुन ली गई हैं। राय ने रिकॉर्ड 98 हजार 845 वोटों से जीत हासिल की, जबकि दूसरे नंबर पर कांग्रेस की विभा पटेल और तीसरे नंबर पर बीएसपी की प्रिया मकवाना रहीं। कुल 8 में से 5 मेयर कैंडिडेट्स नोटा से भी हार गए। एक भी राउंड ऐसा नहीं रहा, जिसमें कैंडिडेट्स नोटा से आगे निकले हो। भोपाल में पहले चरण में हुई वोटिंग में 8 लाख 60 हजार 217 वोट डाले गए थे। इनमें नोटा को कुल 8295 वोट मिले हैं। बीजेपी-कांग्रेस की कैंडिडेट्स को छोड़ दें तो बीएसपी की प्रिया ही एकमात्र कैंडिडेट थीं, जिन्हें 14 हजार से ज्यादा वोट मिलें। शेष प्रत्याशी मंजू यादव, संगीता प्रजापति, लेखा, रईसा मलिक और सीमा नाथ को 5 हजार वोट भी नहीं मिल सके। इन सभी के वोट प्रिया मकवाना से कम रहे। मालती राय को जनता के साथ सरकारी कर्मचारियों के वोट भी खूब मिलें। डाले गए कुल 2992 मतपत्र में से राय को सबसे ज्यादा 1850 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की पटेल को 1041 वोट मिले। तीसरे नंबर पर प्रिया मकवाना रही। उन्हें 74 वोट मिले।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा खलघाट बस दुर्घटना में नागरिकों की मृत्यु पर दुख व्यक्त

### मुख्यमंत्री श्री चौहान रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी लेते रहे

### मुख्यमंत्री ने तीन जिलों के अधिकारियों को दिए निर्देश



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन जिले में खलघाट के पास हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना में करीब एक दर्जन लोगों के दिवंगत होने का समाचार है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रूपये की राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने आज सुबह खलघाट में हुई बस दुर्घटना का तत्काल संज्ञान लिया। बस के नर्मदा नदी में गिर जाने की सूचना मिलते ही उन्होंने प्रशासन को शीघ्र पहुँचने के निर्देश दिए। बस को निकालने और उसमें फँसे लोगों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन बिना विलंब शुरू हुआ। जिला प्रशासन के अधिकारी और संबंधित स्टाफ तत्काल घटना-स्थल पर पहुँचे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के निर्देश पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल घटना-स्थल के लिए तत्काल रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दुर्घटना स्थल पर एसडीआरएफ और आवश्यक संसाधन भेजने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री का खरगोन, धार और इंदौर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क रहा। उन्होंने खरगोन कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर रेस्क्यू ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी भी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान खरगोन, धार और इंदौर जिला प्रशासन के संपर्क में रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नर्मदा नदी में हुई बस दुर्घटना की जानकारी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भी दी। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री शिंदे से कहा कि मध्यप्रदेश से सभी शव सम्मानपूर्वक महाराष्ट्र भेजे जाएंगे।

# डाक्टर सरकार को बताएंगे अपनी रुचि

### -वह नब्ज टटोलेंगे या फिर फाइल पलटेंगे

**भोपाल।** डाक्टरों की आफिस कार्य में बढ़ती रुचि को देखते हुए अब शासन उनकी रुचि के बारे में जानकारी जुटाएगी। जो डाक्टर जिस कार्य को करने में अधिक रुचि रखेगा उसे उसकी रुचि के मुताबिक कार्य दिया जाएगा। जिससे स्वास्थ्य महकमे का काम बेहतर ढंग से हो सके। इसी को लेकर एसीएस मोहम्मद सुलेमान ने प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारियों की आनलाइन बैठक लेते हुए कहा कि वह एक फार्मेट जारी करने वाले हैं। जिसे हर डाक्टर को भरकर देना है। उसमें उनकी रुचि से संबंध सवाल होंगे जिनके हर डाक्टर को जबाव देना होगा। डाक्टर जो जबाव देगा उसकी रुचि के मुताबिक उस डाक्टर को वैसा ही कार्य सौंपा जाएगा। जिससे शासन को यह पता चल सके कि अस्पताल में सेवाएं देने वाले डाक्टरों की संख्या हकीकत में क्या है। जिससे आगे भर्ती कर डाक्टरों की कमी को पूरा की जा सके। डाक्टर जो भी चुनाव करेंगे उन्हें उसी क्षेत्र में पदोन्नति दी जाएगी।

### क्लीनिक कार्य या आफिस कार्य

प्रदेश में ऐसे डाक्टरों संख्या काफी अधिक है जिन्होंने एमडी किया है। लेकिन वह अस्पताल में सेवाएं देने की अपेक्षा वह सीएमएचओ कार्यालय में राज्य के संचालित होने वाले कार्यक्रम प्रभारी बनकर जमे हुए है। इसके अलावा वह किसी न किसी रुप में जेडी आफिस या अन्य किसी कार्यालय में बाबू का काम कर रहे हैं। इसी को लेकर एसीएस ने कहा कि प्रदेश भर के सभी डाक्टरों से उनकी रुचि पूछी जाएगी कि वह क्लीनिकल काम करना चाहते हैं या फिर आफिस वर्क। जिससे यह पता चल सके कि क्लीनिकल काम करने वाले डाक्टरों की संख्या कितनी है और आफिस वर्क कितने डाक्टर काम करना चाहते है। क्योंकि अभी तक यह हो रहा है कि डाक्टर की पदस्थापना अस्पताल में होती है और काम वह सीएमएचओ कार्यालय या जेडी कार्यालय में कर रहा होता है। इससे मरीजों को उचित पमरार्श नहीं मिल पाता है।

### 7 दिन में देनी है जानकारी

अगले सात दिन में शासन स्तर से फार्मेट जारी होने वाला है। जिसे भरने पर यदि कोई डाक्टर क्लीनिकल काम चुनता है और दूसरा डाक्टर आफिस वर्क। तब ऐसे में जो डाक्टर क्लीनिकल काम चुनता है तो उससे आफिस संबंधी कोई कार्य नहीं कराया जाएगा। इसी तरह से यदि कोई डाक्टर आफिस वर्क चुनता है तो उसे क्लीनिक कार्य नहीं कराया जाएगा। जिससे आफिस व अस्पताल का काम प्रभावित न हो।

## इन्डियन वेटरन्स आर्गनाइजेशन शिवपुरी म प्र के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर आनरेरी लेफ्टिनेंट चन्द्र प्रकाश शर्मा ने दी अपर कलेक्टर नीतू माथुर को शिवपुरी पोस्टिंग पर बधाई

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी–**आज इन्डियन वेटरन्स आर्गनाइजेशन शिवपुरी म प्र के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर आनरेरी लेफ्टिनेंट चन्द्र प्रकाश शर्मा , जनरल सेक्रेटरी अशोक कुमार शर्मा, तहसील शिवपुरी के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजावत, वेटरन कैलाश सिंह जादौन, वेटरन त्रिलोकी नाथ भट, वेटरन योगेन्द्र कुमार शर्मा ने अपर कलेक्टर,ष्ठरूनीतू माथुर जी से मुलाकात की। एडीएम शिवपुरी बनने पर बधाई दी। इन्डियन वेटरन्स आर्गनाइजेशन शिवपुरी म प्र के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर आनरेरी लेफ्टिनेंट चन्द्र प्रकाश शर्मा ने संगठन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये कहा कि संगठन राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारो ,वीर नारियों, विधवाओ, और बच्चों के लिए कार्य करता है। प्रशासनिक समस्याओं को दूर करने के लिए प्रशासन से सहयोग लेता है, जनसख्या नियन्त्रण के लिए मोटीवेट करता है, पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए वृक्षारोपण, प्राक्रतिक आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर जनता की सेवा करना, युवाओं को सेना में भर्ती हेतु प्रोत्साहित करना आदि है।

# अमेरिकी अरबपति मार्क क्यूबन अब तक नहीं भूले कि बिल गेट्स ने चुरा ली थीं उनकी गर्लफ्रेंड्स

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी अरबपति मार्क क्यूबन ने बताया है युवावस्था में मशहूर कारोबारी बिल गेट्स ने उनकी फीमेल फ्रेंड्स के साथ दोस्?ती करके उन्?हें, उनसे दूर कर दिया था। 63 साल के मार्क इस समय दुनिया के जाने-पहचाने चेहरे हैं। वे शार्क टैंक के इनवेस्?टर हैं और इस शो के साथ वह सुपरहिट हो चुके हैं। मार्क ने जो किस्?सा सुनाया है वह सन् 1980 के दशक का है। उस दौर में लास वेगास में कुछ ऐसा हुथा, जिसे वह आज तक भुला नहीं पाए।

मार्क ने बताया सन 1986 में कंप्?यूटर ट्रेड शो कॉमडेक्?स के दौरान यह घटना हुई थी। उस समय बिल की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट पहली बार सार्वजनिक हुई थी। मार्क ने कहा इसके बाद ही बिल गेट्स %किंग ऑफ टेक% बन गए। मार्क क्?यूबन के मुताबिक उस समय उनकी उम्र करीब 26-27 साल रही होगी। उन्?होंने बताया एक वह अपनी गर्लफ्रेंड के लिए शराब खरीद रहे थे और तभी गर्लफ्रेंड्स ने कहा कि उन्?हें वॉशरूम जाना है। वे वॉशरूम गईं लेकिन फिर वापस नहीं लौटीं। उनके अचानक इस तरह से गायब होने से वह परेशान हो गए। इसी समय किसी ने उन्?हें बताया कि बिल गेट्स उन लड़कियों के साथ वहां से बाहर निकल गए हैं।

क्?यूबन ने शिकायती लहजे में कहा कि बिल गेट्स ने मेरी गर्लफ्रेंड्स चुरा ली थीं। मार्क क्?यूबन के मुताबिक इस घटना के बाद उनकी और बिल गेट्स की एक ही बार मुलाकात हुई है और इस मीटिंग ने गेट्स को काफी नाराज कर दिया था। उन्?होंने बताया कि एक कॉन्?फ्रेंस में दोनों का आमना-सामना हुआ और यहां पर दोनों की स्?पीच होनी थी। जब उनकी बारी आई तो उन्?होंने बिल गेट्स पर एक ऐसा जोक मारा जो उन्?हें जरा भी पसंद नहीं आया। इसके बाद से आज तक दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। अभी तक गेट्स की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया भी नहीं आई है।

फोर्ब्?स के 400 अरबपतियों की लिस्?ट में मार्क 177 नंबर पर हैं और वो 4.7 बिलियन डॉलर संपत्ति के मालिक हैं। मार्क, डलास मेवेरिक्?स नाम से एक प्रोफेशनल बास्?केटबॉल टीम के मालिक हैं। उनकी ये टीम नेशनल बॉस्?केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) के तहत रजिस्?टर्ड है। इसके अलावा वह 2929 एंटरटेनमेंट के सह-मालिक भी हैं। इसके अलावा एबीसी रियल्?टी टेलीविजन की सीरिज शार्क टैंक के मुख्?य निवेशकों में शामिल हैं। जबकि, बिल गेट्स की कंपनी माक्रोसाफ्ट इस समय दुनिया की कुछ सबसे बड़ी कंपनियों में गिनी जाती है।

# ग्रीन सी टर्टल की मौत प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से

### -हकीकत जानकर चिंतित हो उठे विशेषज्ञ

**लंदन।** ग्रीन सी टर्टल की मौत प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से होने के बारे में जब पता चला तो विशेषज्ञ चिंतित हो उठे। बीते रोज भूमध्यसागर के एक बीच के किनारे ग्रीन सी टर्टल मरा हुआ पाया गया। इस ग्रीन सी टर्टल की मौत प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से हुई थी। अडाना सिटी से करीब 430 मील दूर कराटास बीच पर इस टर्टल को मरा हुआ पाया गया है। ये टर्टल बॉटल के ढक्कनों, प्लास्टिक बैग्स के टुकड़ों और माइक्रोप्लास्टिक्स से ढँका हुआ था।

माइक्रोप्लास्टिक्स से मतलब 5 एमएम व्यास से छोटे पार्टिकल्स से है जो फूड और ड्रिंक पैकेज और फिशिंग नेट्स वगैरह से निकलते हैं। यहाँ चारों तरफ बहुत छोटे आकार के प्लास्टिक्स बिखरे पड़े थे।दरअसल ये टर्टल जेलीफिश और क्रस्टैशिन्स समझकर प्लास्टिक के टुकड़े खा लेते हैं। इसी वजह से इन समुद्री जीवों की बड़ी संख्या में मौत हो रही है। सीबर्ड्स की तरह टर्टल प्लास्टिक को पूरी तरह निगल नहीं पाते और उनके गट्स ब्लॉक हो जाते हैं। इसके बाद ये टर्टल भूख से मर जाते हैं, क्योंकि ये कुछ खा नहीं पाते। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में करीब 52 प्रतिशत सी टर्टल्स प्लास्टिक खा चुके हैं।इसके साथ ही प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से टर्टल्स की एग लाईंग यानी अंडे देने के प्रोसेस में भी डिस्टर्बेंस आती है। एक स्टडी के मुताबिक बीच के किनारे प्लास्टिक की भरमार से नेस्टिंग और हैचलिंग्स करने वाली फीमेल टर्टल्स के व्यवहार पर निगेटिव इम्पैक्ट आता है। अडाना के कुकुरोवा यूनिवर्सिटी के माइक्रोप्लास्टिक एक्सपर्ट प्रोफेसर सेदात गुंडोडू के मुताबिक फीमेल टर्टल्स कई बार प्लास्टिक पॉल्युशन की वजह से बिना अंडे दिये ही समुद्र में वापस लौट जाती हैं। यहाँ तो ये ध्यान रखना चाहिए दुनिया में टर्टल की ज्यादातर प्रजातियाँ इंडेंजर्ड कैटेगरी में हैं। मतलब इन्हें बचा कर रखना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। प्रोफेसर की मानें तो भूमध्यसागर के तटों में सबसे ज्यादा प्रदूषण तुर्की के बीचेज़ पर है। समानडॉग बीच पर भूमध्यसागर के बाकी बीचेज़ की तुलना में प्लास्टिक पॉल्युशन सबसे ज्यादा है। इसकी वजह फॉरेन वेस्ट यानी विदेशी कचरों को बताया जाता है, खास तौर से यूनाइटेड किंगडम का कचरा। दरअसल तुर्की के पास वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम ऐसा नहीं है कि डम्प किए प्लास्टिक कचरे को निपटाया जा सके। इस घटना ने इन्वॉयरमेंटलिस्ट्स को चिंता में डाल दिया है।

## मंकीपॉक्स का प्रकोप आपातकाल की श्रेणी में आता है या नहीं

### -21 को विशेषज्ञ मंकीपॉक्स समिति की बैठक में होगा फैसला

**जिनेवा ।** क्या मंकीपॉक्स का प्रकोप वैश्विक आपातकाल की श्रेणी में आता है या नहीं। आगामी 21 जुलाई को होने वाली विशेषज्ञ मंकीपॉक्स समिति की बैठक में इसका फैसला होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि मंकीपॉक्स पर डब्ल्यूएचओ की आपातकालीन समिति की यह दूसरी बैठक होगी जिसमें 63 देशों में अब तक आये 9,200 मामलों की जानकारी दी जाएगी। मई की शुरुआत से पश्चिम और मध्य अफ्रीकी देशों के बाहर मंकीपॉक्स के संक्रमण में वृद्धि दर्ज की गई है, जहां यह बीमारी बार-बार सामने आती रहती है।इससे पहले 23 जून को हुई मीटिंग में भी डब्ल्यूएचओ द्वारा इस बात पर चर्चा की गई थी कि क्या यह बिमारी पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न की श्रेणी में आती है। हालांकि, अधिकतर सदस्यों ने डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्येयियस को सलाह दी कि अभी स्थिति इतनी भी बेकाबू नहीं हुई है। लेकिन अब बढ़ते हुए मामलों के बीच एक बार फिर डब्ल्यूएचओ उच्च स्तरीय मीटिंग बुलाने जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने अपने बयान में कहा कि आपातकालीन समिति डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक को अपने विचार देगी कि क्या यह बीमारी पीएचईआईसी की श्रेणी में आती है। यदि ऐसा है, तो कमेटी बीमारी के प्रसार को बेहतर ढंग से रोकने और कम करने और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया का प्रबंधन करने के बारे में अस्थायी सिफारिशों का प्रस्ताव करेगी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अब तक अधिकांश मंकीपॉक्स संक्रमण पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुषों में देखे गए है। टेड्रोस एडनॉम ने कहा कि डब्ल्यूएचओ नागरिक समाज और एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ मिलकर काम कर रहा है। वायरस को अब एक स्टिग्मा के रूप में देखा जा रहा है। जिसे रोकने के लिए डब्ल्यूएचओ कार्य कर रहा है। एक हफ्ते पहले, डब्ल्यूएचओ ने मंकीपॉक्स के प्रसार पर अपनी पहली स्थिति रिपोर्ट जारी की, जिसमें अब तक के प्रकोप से प्रभावित लोगों की विशिष्ट प्रोफ़ाइल का विवरण दिया गया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, अब तक प्रभावित होने वाले लगभग सभी रोगी पुरुष हैं, जिनकी औसत आयु 37 वर्ष है।

# जिला स्तरीय युवा महापंचायत में रही युवाओं की दमदार प्रस्तुति





## चयनित युवा करेंगे 23-24 जुलाई को भोपाल में सिंहनाद

ग्वालियर। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के जन नायक और महान सैनानी श्री चन्द्रशेखर आजाद जी की 116 वीं जन्मजयंती के अवसर पर प्रदेशस्तर पर आगामी 23 एवं 24 जुलाई को आयोजित किए जाने वाले युवा महापंचायत के लिए जिला स्तर पर युवाओं का चयन आज जिलासंगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ग्वालियर की संगठन व्यवस्था में माधव महाविद्यालय में किया गया ।

ज्ञातव्य है कि गत 16 जुलाई को पूरे प्रदेश में इस हेतु विभिन्न स्क्रीनिंग सेन्टर्स पर 15 से 29 वर्ष तक के युवा प्रतिभागियों का चयन जिला स्तर के लिए किया गया । ग्वालियर जिले में स्क्रीनिंग के बाद 194 युवा चयनित हुए । युवा महापंचायत के लिए युवाओं का चयन उनकी दक्षता , विषय का ज्ञान , विचारों की स्पष्टता , आचरण , विपक्ष के मतों के प्रति धैर्यता एवं काउंटर पॉइंट रखने की क्षमता को ध्यान में रख कर किया गया ।

दस-पन्द्रह युवाओं के समूह को एक विषय पर समूह चर्चा के बाद प्रस्तुतिकरण के आधार पर निर्णायकों ने चुना । बाद में इन चयनित युवाओं को अलग-अलग अपने विचार रखने का अवसर दिया गया जिसके आधार पर निर्णायक मण्डल द्वारा 10 सर्वश्रेष्ठ युवाओं का चयन किया गया और 4 युवाओं की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की । अब ये चयनित युवा भोपाल में ग्वालियर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे । प्रादेशिक स्तर पर समूह चर्चा के लिए मुख्य रूप से छः विषय निर्धारित किए गए थे । इनमें पर्यावरण के प्रति युवाओं की जिम्मेदारी , उद्यमिता व स्व-रोजगार में बढ़ते अवसर , मेरा एम.पी. मेरा गौरव , खेलों में एम.पी. के लिए अपार संभावनाएं , समाज निर्माण में अग्रसर युवा और लोकतंत्र में युवाओं की निर्णायक भागीदारी विषय रखे गए थे ।

निर्णायक मण्डल में नेहरू युवा केन्द्र की जिला समन्वयक नेहा जादौन , जिला खेल अधिकारी कार्यालय के राजेश लिखार , राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेखा भदौरिया , जन अभियान परिषद के धर्मेन्द्र दीक्षित एवं पूर्व जिलासंगठक रासेयो डॉ. मनोज चतुर्वेदी प्रमुख थे ।

प्रारम्भ में युवा प्रतिभागियों के पंजीयन के बाद माधव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय रस्तोगी ने युवाओं से अपनी बात को तर्कसंगत ढंग से रखने के लिए गंभीरता से विषय पर फोकस करने की सलाह देते हुए कार्यक्रम का औपचारिक उदघाटन किया । युवा महापंचायत के संदर्भ में नियम और अन्य अनुशंसाओं के साथ विषय प्रवर्तन युवा महापंचायत के जिला नोडल अधिकारी एवं रासेयो के जिलासंगठक डॉ. मनोज अवस्थी ने किया ।

युवा महापंचायत के लिए भोपाल जाने वाले युवाओं में आठ प्रतिभागियों का चयन किया गया इनमें शिखा सिकरवार , कौशल शर्मा , वैष्णवी गुप्ता , प्रिंसी त्रिवेदी , आशुतोष शर्मा , पलक अग्रवाल , झंकार शर्मा और अपूर्वा राजपूत का चयन किया गया जबकि प्रतीक्षा सूची में चार युवाओं का चयन किया गया जिनमें आशीष शर्मा , आरिफ अली , योहोसू क्राइष्ट और तनुश्री मिश्रा प्रमुख हैं ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना जीवाजी विश्वविद्यालय के समन्वयक प्रो. रविकांत अदालतवाले ने सभी निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । इस अवसर पर भोपाल से प्रतिनिधि के तौर पर सुश्री प्रियंका ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं । कार्यक्रम का संचालन युवा महापंचायत के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज अवस्थी ने व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने किया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास शुक्ल , आकाश अष्ठाना , पुनीत बंसल , उज्जवल बाथम , नीतेश नरवरिया , दीक्षा सोनी , हेमन्त मांझी आदि उपस्थित रहे ।

# नव निर्वाचित महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने मतदाताओं का आभार जताया



ग्वालियर। नगर पालिक निगम की नवनिर्वाचित महापौर डॉ. श्रीमती षोभा सतीष सिकरवार ने अपने निर्वाचित होने पर षहरवासियों, मतदाताओं, कॉग्रेसजनों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों तथा मीडिया के मिले सहयोग के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हूये कहा कि आप सब ने मुझे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जो सहयोग प्रदान किया है उसके लिये में आप सबके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ। उन्होने कहा कि मेरा पूरा प्रयास होगा कि में आप सबके विष्वास पर खरा उतरने के लिये षहर के विकास व प्रगति और आमजन की भलाई के कार्य करती रहूँगी।

# हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण का चलाएँ महाअभियान

## संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

ग्वालियर। अंकुर अभियान के तहत ग्वालियर-चंबल संभाग में 28 जुलाई हरियाली अमावस्या के दिन सघन वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जायेगा। प्रत्येक पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर सघन वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार कर वृक्षारोपण करने के निर्देश संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने दिए हैं।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में अंकुर अभियान के तहत किए जाने वाले वृक्षारोपण कार्य की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। गूगल मीट के माध्यम से की गई समीक्षा में ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टर, संभागीय अधिकारी और जिला अधिकारी भी शामिल हुए।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से अपेक्षा की है कि वे 28 जुलाई को हरियाली अमावस्या के दिन सघन वृक्षारोपण का अभियान चलाएँ। शासकीय अमले के साथ-साथ जन सहयोग से भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य हाथ में लिया जाए। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे अपने - अपने विभाग के जिला अधिकारियों को वृक्षारोपण के लिये निर्देशित करें। शासकीय कार्यालयों के परिसर में भी अंकुर अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्य हाथ में लिया जाए।

# पांच दिवसीय पथ विक्रेता स्वनिधि महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 23 जुलाई को

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत

ग्वालियर। ग्वालियर शहर के शहरी पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'स्वनिधि महोत्सव' के रंगारंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज दिनांक 23 जुलाई 2022 को समय सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगितायें, स्ट्रीट वेंडरो का फूड स्टॉल एवं स्व सहायता समूहों के उत्पाद प्रदर्शनी सह बिक्री, परिचय पत्र बोर्ड का वितरण सम्मान कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उपायुक्त श्रम कल्याण सुश्री मिनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 19 जुलाई 2022 को प्रातः 8 बजे से केम्टन रूपसिंह स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं की जाएंगी। जिसमें क्रिकेट मैच पुरूष एवं महिलाओं के अलग अलग, तीरंदाजी प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक एवं 20 जुलाई को बाल भवन में प्रातः 10 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिसमें नृत्य प्रतियोगिता, अंताक्षरी प्रतियोगिता, चित्रकला, चैयर रेस, स्लोगन, मेंहदी एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



उपायुक्त सुश्री अग्रवाल ने बताया कि स्वनिधि महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई 2022 को सायं 4 बजे से जीवाजी विश्व विद्यालय के अटल सभागार में किया जाएगा। जिसमें स्ट्रीट फूड वेंडर की प्रदर्शनी सह विक्री, स्वसहायता समूहों द्वारा बनाये गए प्रदर्शनी सह विक्री, ऋण मेला का आयोजन, डिजीटल प्रशिक्षण, परिचय पत्र बोर्ड का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार वितरण एवं पथ विक्रेताओं का सम्मान किया जाएगा।

इससे पूर्व 16 जुलाई को भजन संध्या एवं 17 जुलाई को पथ विक्रेताओं के परिवार के सदस्या को चिडियाघर भ्रमण का आयोजन किया गया।

कोविड- 19 महामारी और लॉकडाउन से पथ विक्रेताओं की आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ा। यह लोग प्रायः कम पूंजी से कार्य करते है। लॉकडाउन के दौरान अधिकतम पथ विक्रेताओं की पूंजी समाप्त हो गई। इन पथ विक्रेताओं को अपना काम फिर से शुरू करने के लिये कार्यशील पूंजी की अति अवश्यकता है। शहरी पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पी. एम. स्वनिधि योजना लागू की गई। प्रथम कार्यशील पूंजी ऋण 10 हजार, पूर्ण चुकता करने पर पथ विक्रेताओं को द्वितीय ऋण 20 हजार एवं तृतीय ऋण 50 हजार दिये जाने का प्रावधान है, प्रत्येक शहरी पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेन-देन पर अधिकतक 100रू. मासिक कैशबेक के रूप में प्रदान किया जा रहा है। उक्त योजना में मध्यप्रदेश भारत में द्वितीय स्थान पर है।

योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को शासन की अन्य 8 योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, एक राष्ट एक राशनकार्ड, जननी सुरक्षा योजना, भवन संनिर्माण योजना आदि से लाभांवित किया जा रहा है।

योजना में नगर निगम, ग्वालियर द्वारा 51358 पथ विक्रेता का पंजीयन किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## युवा संवाद में युवाओं को पशुपालन गतिविधियाँ भी सिखाई जायेंगीं

संभागभर के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में होगा युवा संवाद का आयोजन ग्वालियर 18 जुलाई 2022/ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत प्रदेश के युवाओं को पशुपालन गतिविधियों की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही युवाओं में पशुपालन के प्रति रूचि जागृत करने के उद्देश्य से विभिन्न महाविद्यालयों में युवा संवाद का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में ग्वालियर संभाग के सभी जिलों में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने अपर संचालक उच्च शिक्षा को संबंधित महाविद्यालयों में सुव्यवस्थित ढंग से युवा संवाद आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। संभाग आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालियर जिले के अंतर्गत राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में 20 जुलाई, आईटीआई में 27 जुलाई, डबरा के बृंदासहाय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 3, 10, 17 व 24 अगस्त, भितरवार के शासकीय महाविद्यालय में 7, 14, 21 व 28 सितम्बर को युवा संवाद का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह दतिया जिले के अंतर्गत श्री महामाया प्रोफेशनल कॉलेज दतिया में 20 जुलाई व 17 अगस्त शासकीय डिग्री कॉलेज दतिया में 27 जुलाई व 24 अगस्त, शासकीय डिग्री कॉलेज सेंवड़ा में 3 अगस्त, शासकीय विजयाराजे सिंधिया कॉलेज भाण्डेर में 10 अगस्त व 14 सितम्बर, राधाकृष्ण कॉलेज उचिया में 7 सितम्बर, शासकीय पॉलीटेक्निक दतिया में 21 सितम्बर, गुरूकुल कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन दतिया लॉ कॉलेज में 28 सितम्बर को युवा संवाद का आयोजन होगा।

शिवपुरी जिले के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय खनियाधाना में 19 जुलाई, शासकीय महाविद्यालय नरवर में 22 जुलाई, शासकीय लक्ष्मी सरस्वती गोपाल कृष्ण महाविद्यालय पोहरी में 28 जुलाई, अम्बिका कॉलेज शिवपुरी में 5 अगस्त, पी के महाविद्यालय थनरा करैरा में 10 अगस्त, सिद्धिविनायक महाविद्यालय नरवर में 17 अगस्त, आईटीआई पोहरी में 24 अगस्त, एसएमएस महाविद्यालय कोलारस में 7 सितम्बर, आईटीआई शिवपुरी में 14 सितम्बर, आईटीआई पिछोर में 20 सितम्बर, अटल महाविद्यालय बदरवास में 12 सितम्बर, गुना जिले के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक राधौगढ़ में 22 जुलाई, आईटीआई राधौगढ़ में 28 जुलाई, शासकीय महाविद्यालय आरोन में 5 अगस्त, शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा में 10 अगस्त, शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़ में 18 अगस्त व 29 सितम्बर, आईटीआई गुना में 30 अगस्त, आईटीआई राधौगढ़ में 5 सितम्बर, पॉलीटेक्निक राधौगढ़ में 15 सितम्बर व 22 सितम्बर तथा अशोकनगर जिले के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय चंदेरी में 20 जुलाई, शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में 27 जुलाई व 24 अगस्त, शासकीय नेहरू पीजीबी महाविद्यालय अशोगनगर में 3 अगस्त, गणेश शंकर महाविद्यालय मुंगावली में 10 अगस्त, शासकीय महाविद्यालय चंदेरी में 17 अगस्त, वर्धमान महाविद्यालय अशोकनगर में 7 सितम्बर, शासकीय महाविद्यालय सेहराई में 14 सितम्बर, शासकीय महाविद्यालय चंदेरी में 21 सितम्बर एवं शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में 28 सितम्बर को युवा संवाद का आयोजन होगा।

## यदि जीवन में कुछ पाना है तो झुककर ही पाया जा सकता है-मुनिश्री

**मुनिश्री के मंगल प्रवचन माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन पर चल रहे है।**



ग्वालियर। झुकने से विकास और अकड़ने से विनाश होता है। यदि जीवन में कुछ पाना है तो झुककर ही पाया जा सकता है।जैसे हैंडपंप का हैंडिल बार-बार नीचे झुकाने पर ही पानी आता है। मंदिरों के छोटे दरवाजे हमें यही शिक्षा देते है कि झुकना सीखो। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज सोमवार को माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि जब किसी भी आदमी का मरण होता है तब घर मुहल्ले में और श्मशान घाट चर्चा करते हुए कहता है कि अरे वह मर गया। सभी को आज नहीं तो कल मर जाना है लेकिन आदमी क्रियाकलाप को देखकर तो लगता है कि वह कभी नही मरेगा। पल भर का भरोसा नहीं सामान सौ वर्ष का इकट्ठा करता है इंसान। ऐसे में हजार काम छोड़कर सत्संग, धर्माचरण करना चाहिए। यही जीवन का सार है। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री के मंगल प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 8 =30 बजे से चातुर्मास स्थल अशियाना भवन डॉ आहूजा वाली गली माधवगंज ग्वालियर होंगे। मुनिश्री विनय सागर महाराज के साधनमय चातुर्मास कलश स्थापना समारोह 24 जुलाई को दोपहर 1=00 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा।

**संसार का मुक्ति का सुख जब भी मिलेगा पुरुषार्थ से ही मिलेगा।**

मुनिश्री ने कहा कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। ये पुरुषार्थ कहे जाते हैं। संसार का सुख या मुक्ति का सुख जब भी मिलेगा पुरुषार्थ से ही मिलेगा। जितने भी जीव सिद्ध हुए हैं या प्रसिद्ध हुए हैं सबने मेहनत और पुरुषार्थ करके ही सफलता पाई है।

**जीवन का अंत से पहले प्रभु शरण को स्वीकार करलो।**

मुनिश्री ने कहा कि जीवन का अंत से उससे पहले संत व प्रभू अरिहंत की शरण को स्वीकार करलो। क्योंकि जीवन का कोई भरोसा नहीं है। आज है, कल हो या ना हो। इसलिए धर्म को कल परसों पर मत टालो। आज इसी समय से प्रारंभ कर दो। उन्होंने कहाकि आप बड़ा बनना चाहते हो पर छोटा बनना आपको पसंद नहीं है। छोटे बनकर आप बड़े बनने की राह पर नहीं चलोगे तो आप बड़े नहीं बन सकते। इसलिए बड़े नहीं छोटे बनो, दुनिया आपको अपने आप बड़ा बना देगी।

## थानों की कार्यप्रणाली में विवेचकों का बहुत ही महत्?वपूर्ण योगदान

**ग्वालियर** । ग?वलियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघीएभापुसे के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक मुरार ऋषिकेश मीणाएभापुसे के द्वारा अपराधों की विवेचना के दौरान रहने वाली कमियों को सुधारने के उद्देश्य से मुरार अनुभाग के विवेचकों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक अजाक ग्वालियर रेंज पंकज पाण्डेय के अलावा नगर पुलिस अधीक्षक मुरार तथा सहायक जिला लोक अभियोजक अधिकारी गोपाल सिकरवारए मनीष शर्मा के साथ मुरार अनुभाग के 25 सह उपनिरीक्षक व प्रधान आरक्षकगण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रारंभ में नगर पुलिस अधीक्षक मुरार द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित सभी विवेचकों को थाने में संपादित किये जाने वाले संपूर्ण कार्यो के संबंध में जानकारी दी साथ ही उनको बताया कि आप पुलिस प्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग है थानों की कार्यप्रणाली में विवेचकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अजाक ग्वालियर रेंज ने कार्यशाला में उपस्थित सभी विवेचकों से कहा कि ड्यूटी के दौरान आपको अपने गणवेश के साथ.साथ आचरण को भी अच्छा रखने की आवश्यकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478